सुविचार
खुद के ऊपर विश्वास रखो फिर देखना एक दिन ऐसा आयेगा कि घड़ी दूसरों की होगी और समय आपका।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi



08
मर्डर-मिस्ट्री नीयत के साथ विद्या बालन ने...

Ranchi ● Thursday, 11 May 2023 ● Year : 01 ● Issue : 114 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 61,940.20 |
| निफ्टी | : | 18,315.10 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,840 |
| चांदी | : | 82.07 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

# लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण में सहायक लोक अभियोजकों की अहम भूमिका : CM

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 107 सहायक लोक अभियोजकों को सौंपा नियुक्ति पत्र

**CHIEF BUREAU RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में बुधवार को आयोजित समारोह में सहायक अभियोजन सेवा के लिए चयनित 107 सहायक लोक अभियोजकों को नियुक्ति पत्र सौंपा। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी अब सरकार के अभिन्न अंग के रूप में न्यायिक व्यवस्था से जुड़कर कार्य करेंगे। न्याय कैसे सरल, सुलभ और कम खर्चीला हो? लंबित वादों का तेजी से कैसे निपटारा हो? गरीबों और आम जनों को कैसे न्याय मिले? इसमें आपकी अहम भूमिका होगी। हेमंत सोरेन ने सभी नवनियुक्त सहायक लोक अभियोजकों से कहा कि न्यायिक व्यवस्था में आप पर आम लोगों का भरोसा और विश्वास कैसे बना रहे । यह सब कुछ आपके कार्यों पर निर्भर करेगा। मुझे पूरी उम्मीद है कि आप अपने दायित्व निर्वहन से न्यायपालिका के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होंगे।

इस अवसर पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव- सह -गृह विभाग के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, विधि विभाग के प्रधान सचिव सह विधि परामर्शी नलिन कुमार और मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे एवं कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।





झारखंड मंत्रालय में आयोजित समारोह में नवनियुक्त सहायक लोक अभियोजक युवती को नियुक्ति पत्र सौंपते सीएम हेमंत सोरेन व कार्यक्रम में मौजूद सहायक अभियोजन सेवा के लिए चयनित सहायक लोक अभियोजक ● फोटोन न्यूज

## कई गरीब और बेगुनाह आर्थिक अभाव में नहीं लड़ पा रहे मुकदमे

मुख्यमंत्री ने कहा कि कई गरीब और बेगुनाह लोग पैसे के अभाव में अदालतों का खर्च वह नहीं कर पाते हैं। जिस कारण वे जेलों में ही बंद रहने को मजबूर है। हमारी यही कोशिश हो रही है कि लंबे समय से छोटे-छोटे वादों में जो भी लोग जेलों में बंद हैं, उन्हें रिहा करने की दिशा में सभी कानूनी सुविधाएं सरकार के द्वारा उपलब्ध कराई जाए । इस कड़ी में गरीब और जरूरतमंदों को सरकार के द्वारा वकील भी उपलब्ध कराया जा रहा है आप सभी लोगों को इस बात की जरूर जानकारी दें, ताकि कोई भी व्यक्ति वकील के अभाव में न्याय मिलने से वंचित ना रहे। उन्होंने कहा कि झारखंड में गरीब, आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यकों का एक ऐसा वर्ग है, जिनमें अधिकांश को कानून की जानकारी नहीं होती है। ऐसे में उनको न्याय दिलाना कितना कठिन होगा, इसे सहज समझा जा सकता है। आप सभी ऐसे लोगों को कानूनी रूप से जागरूक करें और उन्हें सरकार द्वारा मिलने वाली कानूनी सहायता की जानकारी दें, ताकि वे न्याय से वंचित ना हो पाएं।

## प्रशिक्षण में आपको स्थानीय भाषा की भी दी जाएगी जानकारी : हेमंत

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड का जो भौगोलिक परिवेश है, उसमें हर जिले में अलग-अलग भाषा- भाषी, रहन सहन और बोल चाल देखने को मिलता है। विशेषकर ग्रामीण इलाकों में हिंदी से ज्यादा स्थानीय और क्षेत्रीय भाषाएं बोली और समझी जाती हैं। ऐसे में आप जब तक स्थानीय भाषा और बोलचाल को नहीं समझेंगे, उनके साथ ना तो अच्छे से संवाद कर पाएंगे और ना ही न्याय दिला सकेंगे। आपका स्थानीय भाषा को जानना-समझना बेहद जरूरी है। इस संबंध में आपको प्रशिक्षण के दौरान स्थानीय और क्षेत्रीय भाषा की भी जानकारी मिले, इस दिशा में पहल की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद पहली बार सहायक लोक अभियोजकों की नियुक्ति हुई है। ऐसे में न्यायालयों में वादों के त्वरित निष्पादन की दिशा में आपके सामने कई चुनौतियां होंगी। सबसे बड़ी चुनौती आपके लिए आमजन और विशेषकर गरीबों को न्याय दिलाना है । इसके अलावा जो बेगुनाह किसी न किसी वजह से जेलों में बंद हैं, उन्हें कैसे न्याय मिले, इस दिशा में आपकी अहम भूमिका सोने जा रही है।

## BRIEF NEWS

### 1993 के मुंबई दंगों के आरोपी को बरी करने का आदेश

**MUMBAI :** मुंबई में 1993 के दंगों के आरोपी को मुंबई की एक विशेष कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एए कुलकर्णी ने सबूत के अभाव में निर्दोष बरी करने का आदेश जारी किया है। मुंबई पुलिस ने दंगों के बाद से फरार आरोपित शिवपूजन राजभर (46 साल) को पकड़कर 28 मार्च, 2023 को विशेष कोर्ट में पेश किया था। जानकारी के अनुसार, 06 दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद विध्वंस से मुंबई में दंगे भड़क गए थे। मुंबई पुलिस ने 1993 में शिवपूजन राजभर सहित दस से ज्यादा लोगों के खिलाफ दंगे में शामिल होने का मामला दर्ज किया था। इसी मामले में पुलिस ने कोर्ट में शिवपूजन राजभर के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था। सरकारी वकील ने कोर्ट को बताया कि राजभर 30 साल पहले हुए सांप्रदायिक दंगों के दौरान लगभग 300 से 400 लोगों की भीड़ का हिस्सा थे, जो एक-दूसरे पर पत्थर और कांच की बोतलें फेंकने में लगे थे। उस समय भीड़ अनियंत्रित और आक्रामक थी और उसने घटनास्थल पर एक पुलिस कांस्टेबल की चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया। भीड़ जलती गेंदों और ट्यूबलाइटों को फेंक रही थी। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया और आखिरकार हवा में गोलियां चलाईं।

### इमरान 8 दिन की रिमांड पर: पाकिस्तान हिंसा में 8 की मौत

**ISLAMABAD :** अल कादिर ट्रस्ट घोटाले में गिरफ्तार पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 8 दिन के लिए नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो की रिमांड पर भेज दिया गया है। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के समर्थकों की सुरक्षा बलों से हिंसक झड़पें बुधवार को भी जारी रहीं। हिंसा में 8 लोगों की मौत हो चुकी है। दो राज्यों पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में फौज तैनात है। बाकी दो राज्यों सिंध-बलूचिस्तान में भी हिंसा हो रही है। चांग इलाके में मौजूद न्यूक्लियर फेसिलिटी पर कमांडो तैनात हैं।

### शिंदे-ठाकरे विवाद पर फैसला आज

**NEW DELHI :** सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ गुरुवार को उद्धव ठाकरे गुट और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट की विभिन्न याचिकाओं पर गुरुवार को फैसला सुनाएगी। पिछले साल शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे से बगावत करके भाजपा के सहयोग से सरकार बना ली थी। राज्यपाल ने उनकी सरकार को मान्यता देकर शपथ दिलाई थी। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो इसे संवैधानिक पीठ में ट्रांसफर किया गया। पीठ में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एमआर शाह, जस्टिस कृष्ण मुरारी, जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस पीएस नरसिम्हा शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के आखिरी दिन यानी 16 मार्च को इस बात पर अचंभा जताया था कि कोर्ट उद्धव सरकार की बहाली कैसे कर सकता है क्योंकि उद्धव ने फ्लोर टेस्ट के पहले ही इस्तीफा दे दिया था। उद्धव ने अपनी याचिका में मांग की थी कि राज्यपाल का जून 2022 का आदेश रद्द किया जाए जिसमें उद्धव से सदन में बहुमत साबित करने को कहा गया था।

# ED ने सेना के कब्जे वाली जमीन के मालिक सहित 13 लोगों को भेजा समन, अलग-अलग दिन बुलाया






**CRIME REPORTER RANCHI :** सेना के कब्जे वाली जमीन के मालिक जयंत कर्नाड सहित 13 लोगों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार देर रात समन भेज कर पूछताछ के लिए हाजिर होने का निर्देश दिया है। जिन्हें समन जारी किया गया है, उनमें सीए नरेश केजरीवाल की पत्नी माया केजरीवाल, जयंत कर्नाड को 10 मई, प्रमोद प्रसाद 11 मई, प्रेरणा सोनी 11 मई, हरिशंकर परशुरामपुरिया 11 मई, सचिदानंद प्रसाद 12 मई, शांति साव 12 मई, राजकिशोर साहू 13 मई, दीपशिखा धानुका 13 मई, सपना भारती 13 मई, सुधांशु कुमार 13 मई, संजय कुमार 15 मई और जानकी देवी 15 मई शामिल हैं। ईडी जांच में पाया गया है कि कर्नाड परिवार ने सेना के कब्जे से जमीन वापस लेने और किराया बढ़ाने के लिए लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी। इस बीच जयंत कर्नाड ने सेना के कब्जे वाली जमीन 13 लोगों को बेच दी। खरीदारों ने म्यूटेशन के लिए आवेदन दिया, लेकिन जमीन पर कब्जा नहीं होने के आधार पर बड़गाईं अंचल ने म्यूटेशन आवेदन को खारिज कर दिया।

### जयंत करनाड ने ED के समक्ष दर्ज कराया बयान

सेना की जमीन के वास्तविक मालिक जयंत करनाड बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय पहुंचे और बयान दर्ज कराया। इससे पूर्व जयंत को ईडी ने समन जारी कर जमीन के संबंध में बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया था। सेना की जिस जमीन को तत्कालीन रांची डीसी छवि रंजन, अमित अग्रवाल, प्रेम प्रकाश और अफसर अली जैसे लोगों ने फर्जी कागजातों के आधार पर बेचा था, उसके वास्तविक मालिक जयंत हैं। जयंत के पूर्वजों ने ही लीज पर सेना को जमीन दी थी। इसके एवज में उन्हें जमीन का किराया मिलता था। पूर्व कमिश्नर नितिन मदन कुलकर्णी की रिपोर्ट के अनुसार, रांची में बरियातू के सेना की 4.55 एकड़ की जमीन के खतियानी रैयत प्रमोद नाथ दास गुप्ता की इकलौती बेटी सरस्वती दास गुप्ता थीं। उनके पति मंजेश्वर लक्ष्मण राव थे। सरस्वती दास और मंजेश्वर लक्ष्मण के दो संतान बीएम मुकंद राव और मालती करनाड थे। बीएम मुकुंद राव की कोई संतान नहीं हुई जबकि मालती का एक बेटा जयंत करनाड है। मालती की मृत्यु के बाद जयंत करनाड ही जमीन के असली वारिस हैं।

# ब्रह्माकुमारी में आने पर एक नई आध्यात्मिक अनुभूति होती है : PM

**AGENCY RAJASTHAN :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं जब भी ब्रह्माकुमारी में आता हूं तो आपके बीच एक नई आध्यात्मिक अनुभूति होती है। परमपिता परमात्मा के आशीर्वाद और दादियों के स्नेह में लगातार वृद्धि होती है। मैंने देश के लिए आपसे जो अपेक्षा की है, उसमें आपने अपने प्रयासों से ज्यादा कर दिखाया है। मेरे विश्वास को कई गुना कर दिया है। ब्रह्माकुमारीज द्वारा सामाजिक कल्याण के लिए कई अभियान चलाए जा रहे हैं। स्वच्छता अभियान में दादी जानकीजी ने स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर के रूप में और बहनों ने कमान संभालकर लोगों को प्रेरित किया है। ब्रह्माकुमारी बहनें स्वास्थ्य जागरुकता से लेकर आजादी के अमृत महोत्सव, नशा मुक्त भारत अभियान में प्रेरणास्त्रोत बनकर सामाजिक कल्याण में जुटी हैं। प्रधानमंत्री बुधवार को ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय शांतिवन में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने ब्रह्माकुमारीज के तीन प्रोजेक्ट ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंस हॉस्पिटल, ओल्ड एज होम के सेकेंड फेज और नर्सिंग कॉलेज के एक्सटेंशन का शिलान्यास रिमोट का बटन दबाकर किया। सम्मेलन में देशभर से आए 15 हजार से अधिक लोग मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में हजारों वर्षों से गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की सेवा की कमान आध्यात्मिक संस्थाओं ने संभाली है। मैं गुजरात भूकंप के समय से ब्रह्माकुमारीज बहनों की निष्ठा एवं सेवा का साक्षी रहा हूं। मोदी ने कहा कि आजादी के अमृत काल में सभी सामाजिक, धार्मिक एव आध्यात्मिक संस्थाओं की बड़ी भूमिका रही है। इस कर्तव्यकाल में हम जिस भूमिका में हैं, उसका शत प्रतिशत निर्वहन करें। अपने व्यवहार और जिम्मेदारियों का विस्तार है। पूरी निष्ठा के साथ हमें ये भी सोचना है कि हम अपने देश के लिए क्या कर सकते हैं।





कार्यक्रम को संबोधित करते पीएम

## भाजपा को हराने के चुनावी अभियान पर रांची पहुंचे बिहार के मुख्यमंत्री, हेमंत सोरेन से मिले

# झारखंड-बिहार का रिश्ता पुराना : नीतीश कुमार

**CHIEF BUREAU RANCHI :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ विपक्षी दलों को एकजुट करने के अभियान पर रांची पहुंचे। यहां से सीधे कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। नीतीश कुमार ने यहां झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ आगामी चुनावों पर रणनीतिक चर्चा की। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि विपक्ष को एकजुट करने के अभियान पर निकले हैं। इसी के तहत झारखंड आना हुआ है। नीतीश कुमार ने हेमंत सोरेन के साथ संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि देश में इतिहास बदला जा रहा है। देश में विकास नहीं हो रहा, सिर्फ विकास की बात हो रही है। बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे में हमलोग यानी विपक्ष के लोग एकजुट हो गये हैं। झारखंड-बिहार का रिश्ता पुराना है। कोरोना के दौर में आना-जाना कम हुआ है। लेकिन, अब आगे फिर साथ में काम करना है।



रांची में मीडिया से मुखातिब हेमंत सोरेन, नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव व अन्य ● फोटोन न्यूज

### गुरुजी के साथ हमारे संबंध काफी पुराने

नीतीश कुमार ने कहा कि गुरु जी (शिबू सोरेन) के साथ हमारा संबंध काफी पुराना है। गुरुजी ने ही पहली बार हमें मुख्यमंत्री बना दिया। उप-मुख्यमंत्री (तेजस्वी यादव) भी हैं हमारे साथ। इनके पिता (लालू प्रसाद यादव) के साथ भी वही पुराना रिश्ता है। इसी को आगे बढ़ाते हुए एकजुट होकर काम करना है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासन को खत्म करने के लिए हमलोग एकजुट होकर काम करेंगे।

### हेमंत सोरेन बोले – देश में अभी हम विपक्ष की भूमिका में

प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरूआत में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि देश में जो राजनीतिक स्थिति है, वहां हम अभी विपक्ष की भूमिका में हैं। मंच पर हमारे साथ हमारे गार्जियन बैठे हुए हैं। आज उन्हीं के साथ राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा होगी। यकीन करता हूं कि हम आगे भी इस विषय पर राजनीतिक चर्चा करेंगे। कांग्रेस के किसी भी कार्यकर्ता के मंच पर नहीं होने के सवाल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि राहुल गांधी से मुलाकात हो गयी है। कांग्रेस भी हमारे साथ ही है।

# कर्नाटक में 68.23% VOTING उम्मीदवारों की किस्मत EVM में कैद

## 9 एग्जिट पोल, 3 में कांग्रेस को बहुमत



कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए मतदान करने पहुंची महिलाएं।

**AGENCY BENGALURU :** कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए मतदान बुधवार शाम छह बजे समाप्त हो गया। जो आंकड़े सामने आये हैं उसके अनुसार कुल 68.23 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। रामनगर में सबसे अधिक 78.22 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है जबकि बृहद बेंगलुरू महानगर पालिका क्षेत्र में सबसे कम 48.63 प्रतिशत दर्ज किया गया। इस बार 9 पोल्स में से 3 में कांग्रेस की सरकार बन रही है। 1 पोल भाजपा को बहुमत दे रहा है। जेडीएस को 21 से 28 सीट के साथ 4 सर्वे किंगमेकर बता रहे। यानी 2018 की तरह एक बार फिर जेडीएस के बिना कांग्रेस या भाजपा की सरकार नहीं बनेगी। पोल ऑफ पोल्स के मुताबिक भाजपा 92, कांग्रेस 107, जेडीएस 20 और अन्य को 5 सीट मिलने का अनुमान है।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक, कहा-

# RINPAS की 76 एकड़ जमीन पर बनेगी झारखंड मेडिको सिटी : सीएम



बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व बन्ना गुप्ता। ● द फोटोन न्यूज



बैठक में उपस्थित सीएम व अन्य अधिकारी। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को झारखंड मेडिको सिटी, रांची की स्थापना को लेकर अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने झारखंड मेडिको सिटी की कंसल्टेंसी एजेंसी अर्नेस्ट एंड यंग के प्रेजेंटेशन को देखा और कई अहम निर्देश दिए। साथ ही कहा कि रिनपास, रांची की जमीन पर पीपीपी मॉडल पर झारखंड मेडिको सिटी का स्थापना प्रस्तावित है। ऐसे में जमीन का उचित इस्तेमाल हो। निवेशकों को उनकी जरूरत के हिसाब से अस्पताल निर्माण के लिए जमीन दी जाए, इसका विशेष तौर पर ख्याल रखें।

### आधुनिकतम तकनीक का इस्तेमाल हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मेडिको सिटी परिसर में कॉमन यूटिलिटी सर्विस- बिजली, पेयजल, सड़क, ड्रेनेज और सीवरेज, स्ट्रीट लाइट्स, बायो मेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल के लिए आधुनिकतम तकनीकों इस्तेमाल किया जाए, ताकि देश-दुनिया के सामने इसे एक मॉडल मेडिकल हब के रूप में रख सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मेडिको सिटी में पीपीपी मॉडल पर कई सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाए जाएंगे। ऐसे में सभी अस्पतालों के लिए अलग-अलग एंबुलेंस सेवा होने से यहां की व्यवस्था संभालने वालों के साथ मरीजों को भी परेशानी हो सकती है। ऐसे में सभी अस्पतालों के लिए सेंट्रलाइज्ड एंबुलेंस सेवा का सेटअप तैयार करें ताकि मरीजों को आवश्यकतानुसार एंबुलेंस से लाकर संबंधित अस्पताल में एडमिट किया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मेडिको सिटी में अस्पताल समेत अन्य चिकित्सीय संस्थान स्थापित करने में कई निवेशकों ने इच्छा जताई है। यह झारखंड के स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए बेहतर कदम है। यहां खुलने वाले सभी अस्पताल और चिकित्सीय संस्थान होने वाले अस्पताल बेहतर तरीके से संचालित हों। यहां के मरीजों को उसका बेहतर लाभ मिले, इसके लिए प्रोफेशनल्स की सेवा लेने की जरूरत है।

बैठक में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव अमिताभ कौशल, सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, एनएचएम के मिशन डायरेक्टर भुवनेश प्रताप सिंह, रिनपास की निदेशक डॉ जयन्ती सिमलाय , निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं वीरेंद्र प्रसाद सिंह और अर्नेस्ट एंड यंग कंसल्टेंसी के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### कुछ ऐसी होगी झारखंड मेडिको सिटी

- रिनपास रांची कि लगभग 76. 34 एकड़ जमीन में झारखंड मेडिको सिटी विकसित किया जाएगा।
- पीपीपी मोड पर स्थापित होने वाले मेडिको सिटी में चार से पांच हजार करोड़ रुपये का निजी निवेश होगा।
- झारखंड मेडिको सिटी में 10 से ज्यादा मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाए जाएंगे।
- यहां स्थापित होने वाले सभी अस्पतालों में लगभग 5000 बेड की व्यवस्था होगी।
- झारखंड मेडिको सिटी में 7500 से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष और 22,500 से अधिक लोगों की अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।
- झारखंड मेडिको सिटी के विभिन्न अस्पतालों में 1100 सौ से ज्यादा विशेषज्ञ चिकित्सक और 6500 पारा मेडिकल स्टाफ होंगे ।
- यहां से प्रतिवर्ष लगभग तीन हजार करोड़ रुपये का राजस्व सरकार को मिलेगा।
- मेडिको सिटी में पहले चरण में कार्डियोलॉजी, न्यूरोसाइंस, ऑथोर्पेडिक्स, गैस्ट्रोलॉजी, ओपेथोमोलोजी, पल्मनोलॉजी, मैटरनल एंड चाइल्ड हेल्थ केयर, ऑर्गन ट्रांसप्लांट, नेफ्रोलॉजी तथा यूरोलॉजी से संबंधित मल्टी स्पेशलिटी सर्विस उपलब्ध होगी।
- यहां इमरजेंसी में मरीजों को एयर लिफ्ट करने के लिए हेलिपैड की भी व्यवस्था होगी।
- मेडिकल मॉल एवं डायग्नोस्टिक सेंटर, फिजिकल थेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन, होटल और सर्विस अपार्टमेंट की भी सुविधा झारखंड मेडिको सिटी में मिलेगी।

## हेमंत राज में फर्जी कागज बनाकर जमीन घोटाले का कीर्तिमान बना : बाबूलाल मरांडी

**PHOTON NEWS RANCHI**

भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को सोशल मीडिया के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हेमंत राज में सिर्फ राजधानी रांची में फर्जी कागज बनाकर जमीन घोटाले का जो कीर्तिमान बना, उसके किस्से सुनकर हैरानी होती है। लोग बताते हैं कि अबतक जो कुछ पकड़ा गया है वो सत्ता संरक्षण में हुए पूरे जमीन लूट का एक परसेंट भी नहीं है। सोचिए विस्तार से जांच होगी तो सत्ताधारियों के पैर के नीचे से जमीन खिसक जायेगी।

उन्होंने कहा कि दलाल, बिचौलिया, जालसाजों ने सत्ता के संरक्षण में सरकारी-गैर सरकारी से लेकर गैर मजरूआ ही नहीं सेना की जमीन तक को लूट कर बंदरबांट कर लिया है। उन्होंने कहा कि अफसर, कर्मचारी, दलाल, बिचौलिये पकड़े जा रहे हैं और आगे भी पकड़े जायेंगे लेकिन इतना बड़ा घोटाला पुलिस की सांठगांठ के बिना हो ही नहीं सकता।

मरांडी ने कहा कि दलाल-बिचौलियों से कड़ाई से पूछताछ कर उन पुलिसवालों की भी पहचान करें जो इस जमीन जालसाजी के गोरखधंधे में मालामाल हुए हैं। फिर ऐसे लोगों को बेनकाब कर उनकी काली कमाई का पदार्फाश करें ताकि आमलोगों को विश्वास हो कि पुलिस हो या प्रशासन, कानून से ऊपर कोई नहीं है।

## फर्जी कागजात तैयार कर निर्माण कराने का आरोप

**PHOTON NEWS RANCHI**

जिले के पांचपरगना क्षेत्र में नवनिर्मित स्कूल पर इन दिनों जमीन संबंधित विवाद दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। राहे, सोनाहातु, अंतर्गत बिना वर्जित किए हुए विद्यालय का निर्माण जोरों से चल रहा है। कुछ ग्रामीण एवं प्रशासनिक लोग मिलकर रैयत को नौकरी एवं मुआवजा का आश्वासन देकर जमीन दिलवाने का काम करते हैं। इसमें कुछ सफेदपोश भी लगे रहते हैं झारखंड राज्यपाल के नाम का उपयोग करके स्टांप पेपर पर गैर कानूनी तौर पर कार्य किया जा रहा है। जमीन लेनदेन की प्रक्रिया को दान का स्वरूप देकर जमीन लूट का षड्यंत्र रचा जा रहा है।

सिल्ली विधानसभा में इन दिनों सरकारी कार्यालय द्वारा जमीन का हेराफेरी कर दस्तावेज तैयार किया जा रहा है। अंचल अधिकारी एवं कर्मचारी तक संदिग्ध हैं। जमीन संबंधित विवाद को जानबूझकर बढ़ाते हैं ताकि मोटी राशि ग्रामीणों से उगाही किया जा सके। अंचलाधिकारी गैर कानूनी तत्वों को बढ़ावा देने के लिए माफियाओं से सांठगांठ रखते हैं।

अंचल के आसपास कुछ असामाजिक प्रवृत्ति के लोग ग्रामीणों से पैसे लेकर काम करवाने के बातचीत करते हैं। सौदा तय हो जाने के बाद शाम में अंचल अधिकारी एवं कर्मचारी एकमुश्त रूप में कार्य करते हैं। वहीं ग्रामीण दिनभर कर्मचारी एवं अधिकारियों के चक्कर लगाते हैं। लेकिन वह जानबूझकर नहीं आते हैं। खासम-खास लोगों के कार्य को एक हफ्ते में करके निकाल देते हैं। सालों से जांच प्रतिवेदन रखे रहते हैं। उस पर ना ही संज्ञान लेते हैं ना ही किसी तरह का पत्राचार जिला अधिकारियों से मिलकर करते हैं।

बातचीत के क्रम में एनपीपी पार्टी के नेता अमर महतो ने कहा अंचल से एक मोटी रकम उगाही कर जिला भेजने के बाद बिल्कुल सही बैठती है। जमीन माफिया, बालू माफिया, देसी शराब माफिया इस गिरोह में शामिल रहते हैं। जो समाज के लिए चिंतनीय विषय है। पंचायत के प्रतिनिधि मुखिया, जिला परिषद भी उच्च अधिकारियों से पत्राचार तक नहीं करते हैं। छोटे-मोटे कार्यों को लेकर 10 किलोमीटर से महिला-पुरुष आते हैं। अधिकारी समय पर नदारद रहते हैं तथा मीटिंग का हवाला देकर एवं सामाजिक कार्य बताकर पल्ला झाड़ देते हैं।

## नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव पहुंचे रांची एयरपोर्ट पर हुआ जोरदार स्वागत

### मंत्री मिथिलेश ठाकुर और जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने की आगवानी

**PHOTON NEWS RANCHI**

विपक्षी एकता को मजबूत करने के अपने अभियान के तहत बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजेस्वी यादव बुधवार शाम को रांची पहुंचे. बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उनके झारखंड के मंत्री मिथिलेश ठाकुर और जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव का स्वागत किया. मौके पर जनता दल यूनाइटोड के सैकड़ों नेता- कार्यकर्ता मौजूद थे. सभी ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया. यहां से सीधे सीएम हेमंत सोरेन के आवास पर पहुंचकर 2024 की रणनीति पर मंथन करेंगे, जबकि शाम 5:30 बजे संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे।



नीतीश का स्वागत करते खीरू महतो व तेजस्वी का स्वागत करते मिथिलेश ठाकुर। ● द फोटोन न्यूज

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्षी एकता को एक करने की कवायद में लगे हुए हैं. इसी के तहत उन्होंने दिल्ली में राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, वाम दलों के नेता सीताराम येचुरी और डी .राजा , ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से भी नीतीश कुमार मुलाकात कर चुके हैं. वहीं आज हेमंत सोरेन से मुलाकात के बाद वो 11 मई को महाराष्ट्र दौरा पर जायेंगें जहां वो शरद पवार और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात करेंगे।

## दीपक प्रकाश ने नीतीश से पूछे सवाल, मांगे जवाब

**PHOTON NEWS RANCHI**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के रांची आगमन पर कड़ी प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा कि सत्ता लोलुपता ने नीतीश कुमार को भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के आगे घुटना टेकने को मजबूर कर दिया। जेपी और लोहिया के अनुयायी कहलाने वालों ने पहले बिहार में चारा घोटाला, रेलवे नौकरी घोटाला में संलिप्त लालू प्रसाद के परिवार से हाथ मिलाया और अब झारखंड में आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे हेमंत सोरेन से हाथ मिलाने पहुंचे हैं।

उन्होंने कहा कि झारखंड की धरती पर नीतीश कुमार से राज्य की जनता जानना चाहती है कि राज्य संपोषित भ्रष्टाचार पर उनकी क्या सोच है? जमीन की मची लूट पर उनका क्या विचार है? बेरोजगारों को बार-बार ठगे जाने पर उनकी क्या प्रतिक्रिया है? शराब घोटाले के बारे में वे क्या कहना चाहेंगे? आदिवासी, दलित बेटी बहनों के साथ हो रहे दुष्कर्म, हत्या पर उनकी क्या प्रतिक्रिया है? पिछड़ों के ट्रिपल टेस्ट के बिना हुए पंचायत चुनाव, स्थगित निकाय चुनाव के बारे में उनकी क्या राय है?

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार झारखंड की नियोजन नीति पर राज्य के युवाओं को छले जाने पर भी अपनी स्पष्ट राय अवश्य दें। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ठगबंधन में बढ़ते सहयोगियों से ज्यादा उम्मीद लगाए नहीं बैठी है।

### राजस्थान के मुख्यमंत्री गहलोत ने नाथद्वारा में रखी मांगों की फेहरिस्त

## पीएम राइट टू सोशल सिक्योरिटी एक्ट लागू करने पर करें विचार: गहलोत

**AGENCY RAJASTHAN**

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से राइट टू सोशल सिक्योरिटी एक्ट लागू करने पर विचार करने का आग्रह किया है। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री के सामने मांगों की फेहरिस्त रखते हुए राजस्थान की झोली को भरने का आग्रह किया।

राजसमंद जिले के नाथद्वारा में बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी की सभा में मुख्यमंत्री गहलोत ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में देश में लागू किए गए राइट टू इनफोरमेशन, राइट टू एजुकेशन, नरेगा, फूड सिक्योरिटी के साथ राजस्थान में लागू मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना चिरंजीवी तथा राइट टू हेल्थ का जिक्र किया। गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी राइट टू सिक्योरिटी योजना को पूरे देश में लागू करने पर विचार करें। गहलोत ने उबर-ओला-जोमेटा-स्वीगी जैसी कम्पनियों में डिलीवरी बॉय के रूप में कार्य कर रहे असंगठित क्षेत्र के युवाओं पर भी प्रधानमंत्री से नीति बनाने का आग्रह किया। गहलोत ने कहा कि इसके लिए राजस्थान में उनकी सरकार ने सोशल सिक्योरिटी पर विचार शुरू किया है। उज्वला योजना अच्छी योजना थी जिसमें फ्री में गैस कनेक्शन दिए गए, लेकिन सिलेंडर महंगे होते चले जाने से सिलेंडर लेना मुश्किल हो गया। राजस्थान ने उज्वला योजना के गैस कनेक्शन धारकों को 500 रुपये में सिलेंडर देने का निर्णय किया है। गहलोत ने प्रधानमंत्री से इस सम्बंध में विचार का आग्रह किया।



राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से बात करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● द फोटोन न्यूज

गहलोत ने करौली-सरमथुरा-गंगापुरसिटी, डूंगरपुर-बांसवाड़ा-रतलाम, नसीराबाद-टोंक की अटकी पड़ी रेल परियोजनाओं को भी गति देने की प्रधानमंत्री से अपील की। तत्कालीन रेल मंत्री और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी के कार्यकाल में भीलवाड़ा में रेलवे कोच फैक्टरी की घोषणा हुई थी, लेकिन वह कार्य आगे नहीं बढ़ा है। गहलोत ने ईआरसीपी पर भी जोर देते हुए राजस्थान की इस समस्या को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री से इस ओर ध्यान देने की मांग की।

गहलोत ने आर्थिक विकास में राजस्थान के दूसरे नंबर का राज्य होने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्थान अब देश का सबसे बड़ा राज्य है और अपनी भौगोलिक परिस्थितियों के कारण यहां हर परियोजना की लागत तुलनात्मक रूप से अन्य राज्यों से अधिक होती है। इस ओर भी प्रधानमंत्री का ध्यान दिलाते हुए इस पर विचार करने की जरूरत बताई। गहलोत ने चुटकी भी ली कि पहले जब राजस्थान की तुलना गुजरात से करते थे तो राजस्थान को पीछे पाते थे, अब राजस्थान आगे है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र की खासियत है कि आज यहां कांग्रेस-भाजपा सभी एक मंच पर हैं। लोकतंत्र में आपसी दुश्मनी नहीं होती, विचारधारा की लड़ाई होती है, सबको अपनी बात कहने का अधिकार है। गहलोत ने मॉब लिंचिंग पर प्रधानमंत्री के बयान ह्यये लोग एंटी सोशल एलिमेंट हैंह्न का जिक्र करते हुए कहा कि यही भावना हम सभी की होनी चाहिए। देश एक रहे, अखंड रहे, इसके लिए इंदिरा गांधी शहीद हो गईं पर खालिस्तान नहीं बनने दिया। देश को विश्वगुरु बनाने की बात होती है, बन भी जाएगा, हममें एकता की भावना होनी चाहिए। गहलोत ने कहा कि विपक्ष के बिना पक्ष कहां होगा, विपक्ष का भी सम्मान पूरा होना चाहिए। इस दिशा में आगे बढ़ेंगे तो पक्ष-विपक्ष मिलकर और मजबूती से देश की सेवा करेंगे।

इससे पहले जब मुख्यमंत्री गहलोत सभा को संबोधित करने के लिए खड़े हुए तो हजारों लोगों से भरा दामोदरलाल स्टेडियम मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले सभी को बैठने का संकेत किया, लेकिन जब नारे नहीं थमे तो प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष सीपी जोशी को संकेत देकर सभी को शांत कराने के लिए कहा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जोशी ने खड़े होकर सभी को नारे बंद करने का संकेत दिया, इसके बाद नारे थमे।

## BRIEF NEWS

### राकांपा विधायक आव्हाड के बयान में कुछ भी गैरकानूनी मिला तो होगी कार्रवाई: फडणवीस

**MUMBAI :** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 'द केरल स्टोरी' पर राकांपा विधायक जीतेंद्र आव्हाड के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। फडणवीस ने सीधे तौर पर चेतावनी दी कि अगर आव्हाड के बयान में कुछ भी गैरकानूनी पाया गया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। फडणवीस ने कहा कि कुछ लोग सड़े हुए दिमाग के हैं, अब समय आ गया है कि ऐसे लोगों को सजा दी जाए। फडणवीस ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि उन्होंने 'द केरल स्टोरी' फिल्म देखी है। इस फिल्म में समाज में बच्चियों के साथ होने वाली घटनाओं को चित्रित किया गया है। इस तरह की कुप्रवृत्ति पर कानूनन रोक लगाना आवश्यक है, लेकिन इससे भी बढ़कर इस तरह की घटनाओं से सचेत रहने के लिए समाज में जागरुकता भी जरूरी है। 'द केरल स्टोरी' के जरिए समाज में जागरुकता का प्रयास किया जा रहा है। दरअसल, राकांपा नेता जितेंद्र आव्हाड ने मंगलवार को कहा था कि फिल्म प्रोड्यूसर को फांसी दी जानी चाहिए। फिल्म 'द केरल स्टोरी' पर टिप्पणी करते हुए आव्हाड ने कहा कि 'द केरल स्टोरी' फिल्म के नाम पर एक राज्य और उसकी महिलाओं को बदनाम किया गया है। आईएसआईएस में धर्म परिवर्तन करने वाली महिलाओं की आधिकारिक संख्या तीन है, जबकि इस फिल्म में इस संख्या को 32 हजार बताया गया है। उन्होंने कहा कि जिसने भी इस फिल्म को प्रोड्यूस किया है उसे सरेआम फांसी पर लटका देना चाहिए। फडणवीस ने कहा, अगर जितेंद्र आव्हाड ने ऐसा कुछ कहा है तो यह बहुत गलत है। इस तरह बात करना गैरकानूनी है। वे शोहरत हासिल करने और एक खास समाज को बढ़ावा देने के लिए इस तरह की बातें करते हैं, लेकिन इस वजह से अन्य समुदायों में, खासकर हिन्दू समुदाय में उनके प्रति बहुत गुस्सा है। आव्हाड को इस बात का एहसास नहीं है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केन्द्रीय मंत्री तोमर पहुंचे भोपाल, मुख्यमंत्री ने किया स्वागत

**BHOPAL :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर बुधवार शाम को भोपाल पहुंचे। उनके आगमन पर भोपाल के राजाभोज विमानतल पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उनका अभिवादन कर पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया। इस मौके पर गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा समेत राज्य मंत्रि-परिषद के सदस्य और जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और नरेंद्र सिंह तोमर विवाह समारोह में शामिल होने के लिए भोपाल आए हैं। केन्द्रीय मंत्रीद्वय भारतीय वायु सेना के विमान से भोपाल एयरपोर्ट पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री चौहान और ने उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। केन्द्रीय मंत्रीद्वय एयरपोर्ट से सीधे रायसेन के लिए रवाना हो गए, जहां एक निजी रिसोर्ट में विवाह समारोह में शामिल होंगे। देर रात वे वापस दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

### प्रधानमंत्री मोदी करेंगे अंतरराष्ट्रीय म्यूजियम एक्सपो का उद्घाटन

**NEW DELHI :** संस्कृति मंत्रालय प्रगति मैदान में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय म्यूजियम एक्सपो 2023 का आयोजन करेगा। देश भर में विभिन्न संग्रहालयों में मौजूद विविधता से भरपूर सांस्कृतिक विरासत के प्रदर्शन के मकसद से आयोजित किए जा रहे इस तीन दिवसीय एक्सपो का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। 18 मई से 20 मई तक प्रगति मैदान में आयोजित होने वाले एक्सपो में दुनिया भर के संग्रहालय से जुड़े विशेषज्ञ भाग लेंगे। बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में केन्द्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी, संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने इस आयोजन से जुड़े एक मोबाइल संग्रहालय को भी हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। केन्द्रीय संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के दूसरे चरण के अंतर्गत 18 से 20 मई तक इंटरनेशनल म्यूजियम एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में लगभग 1,200 निजी और सरकारी संग्रहालयों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री 18 मई को दिल्ली के प्रगति मैदान में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे, जिसके दौरान कई सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री आईएमई के मस्कट, संग्रहालयों की डायरेक्टरी, कर्तव्य पथ का पॉकेट मैप का भी अनावरण करेंगे। जी. किशन रेड्डी ने कहा कि पिछले साढ़े आठ सालों में देश में 145 नए संग्रहालय बनाए गए हैं। अब देश में सरकारी संग्रहालयों की संख्या 383 हैं। इस मौके पर प्रदर्शनी के बारे में जानकारी देते हुए संयुक्त सचिव मुग्धा सिंहा ने बताया कि तीन दिनों के अंतरराष्ट्रीय म्यूजियम एक्सपो के दौरान कार्यशालाएं, सेमीनार, 11समूह चचाएं, सात मास्टरक्लास के अलावा कई रोचक कार्यक्रम रखें गए हैं। प्रदर्शनी में आयोजित होने वाले समूह चचाओं में भारतीय और अंतरराष्ट्रीय म्यूजियम विशेषज्ञ और सलाहकार हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी में टेक्नो मेला भी आयोजित किया जा रहा है जिसमें लोगों को बी टू बी नेटवर्किंग करने का भी मौका मिलेगा।

### नेशनल अकाली दल 12 मई को पाकिस्तान दूतावास का करेगा घेराव : पम्मा

**NEW DELHI :** नेशलन अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने बुधवार को कहा कि पाकिस्तान आतंकियों का अड्डा बन चुका है। वहां अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमले हो रहे हैं। नेशनल अकाली दल अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की मांग को लेकर 12 मई को दिल्ली स्थित पाकिस्तानी दूतावास का घेराव करेगा। पम्मा ने आज एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान एक तरफ तो भारत से दोस्ती का नाटक करता है और दूसरी तरफ आईएसआई के जरिए भारत के खिलाफ षड्यंत्र रचकर माहौल खराब करने की कोशिश करता रहा है। उन्होंने कहा कि यह सभी जानते हैं कि आतंकवादियों के लिए पाकिस्तान एक शरणस्थली है। उन्हें पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियां पालती, पोषती और सुरक्षा देती हैं। पम्मा ने कहा कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के ऊपर आए दिन हमले हो रहे हैं। वहां अल्पसंख्यकों की बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। इन सभी बातों को लेकर नेशनल अकाली दल की ओर से 12 मई को पाकिस्तानी दूतावास का घेराव किया जाएगा।

### 'द केरल स्टोरी' की टीम ने मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात की

**LUCKNOW :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फिल्म 'द केरल स्टोरी' टीम के सदस्यों ने बुधवार को उनके सरकारी आवास पांच कालिदास मार्ग पर शिष्टाचार भेंट की। फिल्म 'द केरल स्टोरी' की टीम के निमार्ता गण विपुल शाह, वीर कपूर, निर्देशक सुदीप्तो सेन व अभिनेत्री अदा शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात की है। उल्लेखनीय है कि उप्र की योगी आदित्यनाथ सरकार इस फिल्म को टैक्स फ्री करने का एलान कर चुकी है। साथ ही मुख्यमंत्री योगी अपने मंत्रिमण्डल के सदस्यों के साथ फिल्म देखने वाले हैं। केरल में बड़े पैमाने पर हिन्दू महिलाओं के धर्मांतरण और उन्हें आतंकी गतिविधियों में लिप्त किए जाने पर आधारित 'द केरल स्टोरी' की चचाओं के बीच अब उत्तर प्रदेश में इस फिल्म को टैक्स फ्री किया गया है। यही नहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ इस फिल्म को देखेंगे भी। मुख्यमंत्री कार्यालय के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से इस संबंध में मंगलवार को ही ट्वीट कर जानकारी दी गयी थी। ट्वीट में लिखा गया कि मुख्यमंत्री योगी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ 12 मई को लखनऊ में 'द केरल स्टोरी' फिल्म देखेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री योगी के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर मंगलवार को लिखा गया था कि 'द केरल स्टोरी' को यूपी में टैक्स फ्री किया जाएगा। योगी सरकार के इस निर्णय की सोशल मीडिया पर काफी तारीफ हुई। लोग हर किसी से थिएटर में जाकर फिल्म देखने और इसको प्रमोट करने के लिए आग्रह कर रहे हैं।

Daily THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Thursday, 11 May 2023


# मां के इलाज के लिए बेटा निकल पड़ा अपनी किडनी का सौदा करने

- गया से आकर रांची में दिहाड़ी मजदूरी कर रहा है नाबालिग दीपांशु
- रिम्स के डाक्टरों ने समझाया, कहा यह गैरकानूनी है, अपनी मां को रिम्स लेकर आए, होगा बेहतर इलाज

**CRIME REPORTER RANCHI**

बनके तेरा साया मैं तुझको थाम लूं, उठ के रब से पहले मैं तेरा नाम लूं, मां..ओ मेरी मां, मैं तेरा लाडला। उपरोक्त गाने के बोल इस बेटे की कहानी पर बिल्कुल सटीक बैठती है। क्योंकि ये बेटा दीपांशु भले ही नाबालिग है, लेकिन अपनी मां के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार है। लेकिन क्या कोई बेटा अपनी मां के लिए किडनी बेचने को तैयार होगा। सबका जवाब तो ना ही होगा। लेकिन दीपांशु मां की खातिर ऐसा ही करने चला था। बचपन में ही पिता का साया सिर से उठ गया। ऐसे में अचानक मां के कंधों पर बड़ी जिम्मेवारी आ गयी। फिर भी मां ने दीपांशु को कठिन परिस्थितियों में मजदूरी करके पाला, उसे कमाने लायक बनाया। दीपांशु भी बचपन से मां के संघर्ष को देख रहा था। इसलिए मां का बोझ कम करने के लिए गया से रांची आ गया। रांची में दीपांशु दिहाड़ी मजदूरी का काम करने लगा। सोचा कि पैसे कमाके जल्दी ही मां के लिए भेज देगा। मगर किस्मत का खेल भी अजीब है। दीपांशु के रांची आते ही मां का पैर टूट गया। आर्थिक तंगी से जूझ रही मां अपना इलाज भी नहीं करा पा रही थी। इधर रांची में दीपांशु के पास भी इतने पैसे नहीं थे कि मां को इलाज के लिए भेज सके। ऐसे में परेशान दीपांशु ने एक बड़ा और


दीपांशु। द फोटोन न्यूज

कड़ा फैसला लिया। वह रांची के एक निजी अस्पताल गया। वो चाहता है कि उसकी एक किडनी के बदले मिले पैसे से वो अपनी मां का अच्छा इलाज करवा सके। हालांकि डाक्टरों ने उस बच्चे को समझा कर वापस घर भेज दिया है। लेकिन एक बच्चे का मां के प्रति इतनी व्याकुलता रोंगटे खड़ी कर देती है। इस बच्चे को निजी अस्पताल द्वारा रिम्स भेजा गया, जिसमें बताय गया कि उसकी मां का बेहतर इलाज यहां हो सकता है। जिसके बाद यह बच्चा रिम्स न्यूरोसर्जरी विभाग के डाक्टर विकास के पास पहुंचा और अपनी पीड़ा बतायी। जिसके बाद डाक्टर विकास ने बच्चे को समझाते हुए कहा कि इस तरह किडनी बेचना गैरकानूनी है। वे अपनी मां को रिम्स ले आए, यहां उनका निश्शुल्क बेहतर इलाज हो सकेगा। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे सभी डाक्टर उनकी पूरी मदद करेंगे।

**ट्वीट करते ही बच्चे की पीड़ा सामने आयी :** मामला तब प्रकाश में आया जब डा विकास ने इस बच्चे की पीड़ा को ट्वीट किया। जिसमें बच्चे का वीडियो डाला गया है और वो बच्चा अपनी मां के इलाज के लिए अपनी किडनी तक बेचने की बात कर रहा है। बच्चा दीपांशु के बचपन में ही पिता का साया सिर से उठ गया। ऐसे में अचानक मां के कंधों पर बड़ी जिम्मेवारी आ गयी। फिर भी मां और बहन ने दीपांशु को कठिन परिस्थितियों में मजदूरी करके पाला, उसे कमाने लायक बनाया। दीपांशु भी बचपन से मां के संघर्ष को देख रहा था। इसलिए मां का बोझ कम करने के लिए गया से रांची आ गया। रांची में दीपांशु दिहाड़ी मजदूरी का काम करने लगा।

### ...और किडनी के लिए ग्राहक खोजने लगा

आर्थिक तंगी से जूझ रही मां अपना इलाज भी नहीं करा पा रही थी। इधर रांची में दीपांशु के पास भी इतने पैसे नहीं थे कि मां को इलाज के लिए भेज सके। ऐसे में परेशान दीपांशु ने एक बड़ा और कड़ा फैसला लिया। वह रांची के एक निजी अस्पताल गया। वहां उसने अपनी किडनी के लिए ग्राहक खोजना शुरू किया। अस्पताल में दीपांशु लोगों से जाकर पूछने लगा, क्या कोई किडनी खरीदना चाहता है। तो वो उसे बेचने के लिए तैयार है। वहां मौजूद कुछ युवकों को जब इसकी जानकारी लगी, तो उन्होंने उसे समझाया, साथ ही बताया कि किडनी बेचना गैरकानूनी है। फिर वो डा विकास के संपर्क में आया। डा विकास ने बताया कि नाबालिग युवक द्वारा किडनी बेचने की जानकारी मेरी टीम के लोगों से मुझे मिली। यह काफी अफसोसजनक है। मैंने दीपांशु को समझाया कि तुम्हें किडनी बेचने की जरूरत नहीं है। वो अगर अपनी मां को रिम्स लाता है तो बेहतर इलाज होगा।

# ED की Adjudicating Authority ने पूजा सिंघल के पल्स हॉस्पिटल की जब्ती को सही ठहराया

**CRIME REPORTER RANCHI**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल के पल्स अस्पताल सहित 82 करोड़ की चार संपत्ति एक दिसंबर 2022 को जब्त कर ली थी। सूत्रों के मुताबिक ईडी की एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी ने पूजा सिंघल के पल्स हॉस्पिटल और डायग्नोस्टिक सेंटर की जब्ती को सही ठहराया है। ईडी द्वारा जब्त संपत्ति की जानकारी एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी (एए) को भेजी जाती है। क्योंकि संपत्तियों पर कब्जा एए द्वारा एजेंसी के अंतिम आदेश की पुष्टि के बाद ही प्रभावी होता है। मौजूदा स्थिति में अस्पताल और डायग्नोस्टिक सेंटर लगभग छह महीने तक सामान्य रूप से चल सकते हैं। एए की पुष्टि के बाद ईडी पल्स हॉस्पिटल और डायग्नोस्टिक सेंटर को अपने कब्जे में लेने पर विचार करेगी।


बरियातू स्थित पल्स हॉस्पिटल। द फोटोन न्यूज

**82.77 करोड़ की चार अचल संपत्ति अस्थाई रूप से जब्त की थी :** मनरेगा घोटाले में मनी लांड्रिंग के तहत अनुसंधान के दौरान गिरफ्तार झारखंड की पूर्व खान सचिव व आइएएस पूजा सिंघल के विरुद्ध ईडी ने एक और बड़ी कार्रवाई की थी। ईडी ने एक दिसंबर 2022 को पूजा सिंघल की 82.77 करोड़ की चार अचल संपत्ति अस्थाई रूप से जब्त कर ली थी। इन संपत्तियों में रांची के बरियातू रोड स्थित पल्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, पल्स डाग्नोस्टिक एंड इमेजिंग सेंटर व दो भूखंड शामिल हैं।


पूजा सिंघल। द फोटोन न्यूज

**दर्ज एफआईआर के आधार पर मनी लांड्रिंग की हुई जांच :** ईडी ने झारखंड पुलिस और सतर्कता ब्यूरो झारखंड द्वारा दर्ज कई एफआईआर के आधार पर मनी लान्ड्रिंग की जांच शुरू की थी। जांच में पता चला कि कमीशन के रूप में मनरेगा घोटाले की राशि पूजा सिंघल और उसके रिश्तेदारों के विभिन्न बैंक खातों में जमा की गई थी।

**11 मई को प्रवर्तन निदेशालय ने किया था गिरफ्तार :** एजेंसी ने बताया कि मनरेगा के पीओसी को पूजा सिंघल के भ्रष्ट आचरण से जमा बेहिसाब धन के साथ मिला दिया गया और इस धन को पूंजी निवेश के रूप में लगाया गया था। मालूम हो कि सिंघल 2000 बैच की आईएएस अधिकारी हैं और उन्हें मनरेगा योजना में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के आरोप में 11 मई को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

# डोरंडा से अपहृत छात्रा दिल्ली में बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**CRIME REPORTER RANCHI**

डोरंडा थाना क्षेत्र से अपहत छात्रा को पुलिस ने दिल्ली में बरामद कर लिया है। छात्रा का अपहरण करने वाले आरोपी वाहिद को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस छात्रा और आरोपी को गुरुवार को रांची लेकर पहुंचेगी। रांची लाने के बाद आरोपी से पूछताछ की जाएगी इसके बाद उसे जेल भेज दिया जाएगा। पुलिस का कहना है कि 31 मार्च को आरोपी ने छात्रा का अपहरण कर लिया था। छात्रा के घर वालों ने डोरंडा थाना में आरोपी वाहिद के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस आरोपी के मोबाइल का लोकेशन बार-बार निकाल रही थी लेकिन सटीक जानकारी नहीं मिल पा रही थी। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने छात्रा के घर वालों को फोन कर धमकी दिया था कि वह छात्रा की हत्या कर देगा। आरोपी छात्रा के साथ आए दिन छेड़खानी करता था। इस वजह से छात्रा काफी डरी सहमी रहती थी। डोरंडा थाना प्रभारी का कहना है कि दिल्ली में आरोपी भागने का प्रयास कर रहा था लेकिन पुलिस ने उसे दबोच लिया। आरोपी के दोस्तों से पूछताछ करने के बाद इस बात की जानकारी मिली की आरोपित छात्रा को लेकर दिल्ली में रह रहा है।

**पुलिस के लगातार संपर्क में थे घरवाले :** पुलिस का कहना है कि छात्रा के घरवाले लगातार डोरंडा पुलिस के संपर्क में थे। छात्रा के बारे में जो भी डिटेल मिलता था घरवालों पुलिस को बताते थे। पुलिस का कहना है कि आरोपित वाहिद पहले भी एक मामले में जेल जा चुका है। रांची आने के बाद आरोपी से डिटेल में पूछताछ की जाएगी और इस घटना में कौन कौन लोग शामिल थे इसकी जानकारी ली जाएगी।

# मां और बेटे की मौत के मामले में तीन बिंदुओं पर जांच शुरू, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

**CRIME REPORTER RANCHI**

अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हाउसिंग कालोनी में रात मां-बेटे की मौत के मामले में पुलिस ने तीन बिंदुओं पर जांच शुरू कर दिया है। पुलिस का कहना है कि अभी तक की जांच में यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि महिला की हत्या हुई है या फिर हादसा या बीमारी में उसकी जान गई है। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। अरगोड़ा थाना की पुलिस बुधवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट लेने के लिए रिम्स गई थी लेकिन अभी रिपोर्ट नहीं मिल पाई है। इसके अलावा घर से बरामद चाकू को एफएसएल के लिए भेजा गया है। एफएसएल की रिपोर्ट आने के बाद यह स्पष्ट हो जाएगा कि चाकू पर किसके हाथ के निशान हैं। पुलिस ने शुभ नारायण दत्ता समेत कई लोगों से पूछताछ किया लेकिन अभी तक किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है।

**बेटे ने कराटे में लिया था ब्लैक बेल्ट, उसके शरीर पर भी हैं जख्म के निशान :** अरगोड़ा पुलिस का कहना है कि अरमान दत्ता कराटे में ब्लैक बेल्ट हासिल कर चुका है। पुलिस ने अरमान का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा तो पता चला कि उसके शरीर पर भी जख्म के निशान हैं। अब यह जख्म चाकू का है या फिर छत से गिरने पर आया है इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। पुलिस ने कुछ लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि मां और बेटे में अच्छा संबंध था।

### इन बिंदुओं पर पुलिस कर रही है जांच

**1 बेटे ने मां को मारा फिर छत से कूदा :** पुलिस का कहना है कि इसपर जांच चल रही है कि कहीं बेटा किसी बात को लेकर नारज हो गया होगा और उसने अपनी मां पर चाकू से हमला कर दिया। पित के रूम में आते ही वह छत पर भाग गया और नीचे कूद गया जिसमें उसकी मौत हो गई।

**2 बेटे ने अपने आप पर हमला किया और मां की चली गई जान :** पुलिस का कहना है कि बेटे ने अपने आप पर चाकू से वार किया होगा और मां ने बीच बचाव किया तो मां की जान चली गई। बेटा यह सहन नहीं कर पाया और उसने छत से कूदकर अपनी जान दे दी।

**3 मां बेटे में विवाद के बाद हो गई घटना :** पुलिस का कहना है मां और बेटे में किसी बात को लेकर विवाद हो गया होगा। दोनों अपने आप को मारना चाह रहे होंगे। लेकिन खींचा तानी में मां की जान चली गई और बेटा सहन नहीं कर पाया।

# मुखिया के पति की हत्या का आरोपी गिरफ्तार, चाकू किया गया बरामद

**CRIME REPORTER RANCHI**

सिल्ली प्रखंड अंतर्गत गोड़ाडीह पंचायत के रायकोचा निवासी मुखिया सावन देवी के पति श्रवण मुंडा की चाकू घोंप कर हत्या करने वाले आरोपी रवींद्र मुंडा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि घटना के अंजाम देने के आरोपी गांव में इधर उधर भागता चल रहा था। आरोपी एक जगह पर रुका हुआ था तभी पुलिस को सूचना मिल गई। पुलिस उस लोकेशन पर पहुंची और आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी के निशानदेही पर पुलिस ने उसके पास से चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपित उस वक्त सावना के घर पहुंचा था जब वह अकेले थी। आरोपी सावना से बातचीत करना चाहता था लेकिन वह नहीं करती थी। आरोपी इस बात से नाराज चल रहा था। आरोपी ने सावना से पूछा कि वह बात क्यों नहीं करती है और फिर उसने चाकू से वार कर सावना को जख्मी कर दिया। सावना शोर मचाने लगी तो आरोपी घर से फरार हो गया।


गिरफ्तार आरोपी के साथ पुलिसकर्मी। द फोटोन न्यूज

**रास्ते में पति को देखने के बाद कर दी हत्या :** पुलिस का कहना है रवींद्र चाकू से सावना पर हमला करने के बाद तालाब के समीप पहुंचा। आरोपी ने तालाब के पास सावना के पति श्रवण को देखा। श्रवण को देखते ही आरोपी ने उसपर हमला कर दिया। श्रवण को गंभीर रूप से जख्मी करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। श्रवण को अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सावना को भी हल्की चोट लगी है लेकिन इलाज के बाद डाक्टरों ने उसे घर भेज दिया था। पुलिस का कहना है कि कुछ लोगों ने बयान दिया है कि घटना के वक्त रवींद्र के तालाब के पास देखा गया था।

## BRIEF NEWS

### अरूप चटर्जी को मिली जमानत

**RANCHI :** अरूप चटर्जी को बुधवार को जमानत मिल गई है। जमानत मिलने के बाद अरूप चटर्जी धनबाद जेल से बाहर निकल गए हैं। गौरतलब है कि बीते 17 जुलाई को धनबाद की पुलिस ने अरूप चटर्जी को गिरफ्तार कर लिया था। अरूप चटर्जी की गिरफ्तारी कांके रोड स्थित उनके फ्लैट से की गयी थी। इस मामले में अदालत ने अरूप के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

### मोबाइल चोरी करने वाला गिरफ्तार

**RANCHI :** डोरंडा पुलिस ने मोबाइल चोरी करने के आरोप में आसिफ अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपित ने डोरंडा स्थित मस्जिद से एक व्यक्ति का दो मोबाइल चोरी करने के बाद फरार हो गया था। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपित को गिरफ्तार किया।

### झारखंड ऊर्जा विकास निगम का विधि पोर्टल लॉन्च

**RANCHI :** झारखंड ऊर्जा विकास निगम के विधि पोर्टल की लॉन्चिंग बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट परिसर के महाधिवक्ता कार्यालय में किया गया। इस दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने उर्जा विकास निगम के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से याचिकाकर्ता अपने केस स्टेटस को देख सकते है। साथ ही सरलता से मामलों की जानकारी प्राप्त कर सकते है। कार्यक्रम में ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव सह अध्यक्ष जेयूवीएनएल अविनाश कुमार उपस्थिति थे।

### फरार दाहू यादव के पिता ने ईडी कोर्ट में दाखिल की जमानत याचिका

**RANCHI :** अवैध खनन मामले के आरोपित दाहू यादव के पिता पशुपति यादव ने ईडी कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। पशुपति यादव ने अधिवक्ता के जरिये जमानत देने की गुहार लगाई है। अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए 17 मई की तिथि निर्धारित की है। इससे पूर्व पशुपति यादव को 21 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में है। साहिबगंज जिले में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में फरार चल रहे दाहू यादव के घर की कुर्की-जब्ती की गयी थी। दाहू यादव आखिरी बार 18 जुलाई, 2022 को रांची के हिनू स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में पेश हुआ था। पेशी के बाद वह मां की बीमारी का हवाला देकर साहिबगंज लौट आया था। इस अवैध खनन घोटाले मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और उसके सहयोगी बच्चू यादव को पहले ही ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है।

### झारखंड में कोयला तस्करी रोकने के लिए उड़नदस्ता का गठन

**RANCHI :** राज्य में कोयला तस्करी रोकने के लिए उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया है। पलामू आईजी राजकुमार लकड़ा, बोकारो डीआईजी पटेल मयूर कन्हैया लाल, हजारीबाग डीआईजी नरेंद्र सिंह, चाईबासा डीआईजी अजय लिंडा और दुमका डीआईजी सुदर्शन मंडल नेतृत्व में यह उड़नदस्ता टीम बनायी गयी है। सभी प्रमंडलीय क्षेत्र में उड़न दस्ता टीम में चार-चार दारोगा होंगे। इनके साथ एक- एक प्लाटून सशस्त्र बलों की तैनाती भी प्रत्येक दस्ते में रहेगी। साथ ही अवैध खनन की रोकथाम के लिए गठित उड़न दस्ते का नियंत्रण करने वाले आईजी- डीआईजी को निर्देश दिया गया है कि नियंत्रण में प्रतिनियुक्त किए बलों को अवैध खनन के लिए गठित दस्ते के साथ छापेमारी में सहयोग के लिए भेजने के लिए कहा गया है।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

## खबरें हाईकोर्ट की

# जंगल की जमीन बेचने के मामले में जवाब दाखिल करने के लिए सरकार को मिला समय




**SPECIAL REPORTER RANCHI**

झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में बुधवार को हजारीबाग में फॉरेस्ट की 450 एकड़ जमीन को रैयती बनाकर बेचने की जांच का आग्रह करने वाली शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के प्रधान सचिव, वन एवं पर्यावरण विभाग को जांच रिपोर्ट दाखिल करने के लिए समय दिया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 28 जून निर्धारित की है।

इससे पहले राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह के समय की मांग की गई थी। पिछली सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट को बताया था कि हजारीबाग में 450 एकड़ की जंगल की जमीन को रैयती जमीन बनाकर 2008 लोगों ने खरीद बिक्री की। वन विभाग की ओर से इस वन भूमि को लेकर नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट दिया गया था। वन विभाग के वरीय अधिकारियों की मिलीभगत से जंगल की जमीन को बेचने का काम हुआ है। पूर्व में इस मामले में एक जांच कराई गई थी। इसमें क्लास तीन और चार के तीन कर्मियों के खिलाफ सिर्फ प्रपत्र क इश्यू किया गया था।

### डीएमओ रामगढ़ के शपथ पत्र पर याचिकाकर्ता को जवाब देने का दिया निर्देश

झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में बुधवार को रामगढ़ के भुरकुंडा में कोयला एवं लौह अयस्क ट्रांसपोर्टेशन एवं अवैध माइनिंग से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम को लेकर संतोष पाठक की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में जिला खनन अधिकारी (डीएमओ) रामगढ़ ने जवाब दाखिल कर प्रदूषण की रोकथाम के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी गई। इसका याचिकाकर्ता ने विरोध करते हुए कहा कि सरकार ने कोयला एवं लौह अयस्क के परिवहन से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम के लिए ठोस कदम नहीं उठाए हैं। इस पर कोर्ट ने डीएमओ के जवाब पर याचिकाकर्ता को अपना प्रत्युत्तर देने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई 12 जुलाई को होगी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रामशुभग सिंह ने पैरवी की। भुरकुंडा में कोल ट्रांसपोर्टिंग, आयरन ओर के ट्रांसपोर्टिंग, अवैध माइनिंग एवं 50 साल से ज्यादा पुराने उद्योगों के कारण प्रदूषण बढ़ा हुआ है।

### राज्य सरकार से पूछा, एसिड पीड़ित का इलाज रिम्स में हो रहा या नहीं

झारखंड हाई कोर्ट हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एक नाबालिग को एसिड पिलाए जाने के मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए बुधवार को सुनवाई की। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि पिछले आदेश के आलोक में पीड़ित का इलाज रिम्स में हो रहा है या नहीं। इसे शपथ पत्र दाखिल कर बताएं। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने हजारीबाग डीसी को निर्देश दिया था कि वह पीड़ित के आगे का ट्रीटमेंट रिम्स, रांची में कराएं। उसके इलाज का खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। सुनवाई के दौरान मामले के अनुसंधानकर्ता कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि उन्होंने मार्च माह में ही इचाक थाना ज्वाइन किया है, जिस पर कोर्ट ने उन्हें अप-टू-डेट जांच रिपोर्ट अगली सुनवाई में कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 14 जून निर्धारित की है। कोर्ट में एमिकस क्यूरी अपराजिता भारद्वाज ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में हजारीबाग में 13 साल की एक बच्ची को उसके परिचित ने जबरदस्ती एसिड पिला दिया था, जिससे उसकी हालत काफी बिगड़ गई थी। बाद में एम्स पटना और रिम्स रांची में उसका इलाज हुआ था। वह दो महीने तक कुछ बोलने में असमर्थ थी। मामले को लेकर हजारीबाग के इचाक थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### हार्डकोर नक्सली भीखन गंझू को मिली जमानत

झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस सुभाष चांद की अदालत में बुधवार को हार्डकोर नक्सली भीखन गंझू की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने राज्य सरकार और याचिकाकर्ता की दलीलें सुनने के बाद भीखन गंझू को जमानत दे दी। देश विरोधी गतिविधि और प्रतिबंधित हथियार रखने से जुड़े मामले में भीखन गंझू को कोर्ट से जमानत मिली है। भीखन गंझू के खिलाफ हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाने में कांड संख्या 114 /2017 दर्ज है। प्राथमिकी में आईपीसी की धारा 385,387,34 और एआरएमएस एक्ट की धारा 27,सीएलए की धारा 17 और यूएपीए एक्ट की धारा 10 और 13 लगायी गयी है।

# फ्लोक्सस एजुकेशन प्राईवेट लिमिटेड ने किया कार्यक्रम का आयोजन


फ्लोक्सस एजुकेशन प्राईवेट लिमिटेड के अधिकारी व अन्य लोग। द फोटोन

**SPECIAL REPORTER RANCHI**

21वीं सदी के कौशल विकास में बच्चों को तकनीकी शिक्षा की भूमिका एवं नई शिक्षा नीति के निहितार्थ फ्लोक्सस एजुकेशन प्राईवेट लिमिटेड ने प्रेस क्लब में एक कार्यक्रम रखा। इस कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े अनुभवी लोगों को इस विषय पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया गया था, जिसमें श्रीमती नीता पांडेय, प्रधानाध्यापक, कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, श्री मीनाक्षी कुमार, चीफ प्रोजेक्ट ऑफिसर, अखिल भारतीय रिटायर्ड कर्नल ऐल्यूमिनाई रीच फॉर इंडिया फाउंडेशन, फ्लोक्सस राजेश कुमार चौधरी, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर शामिल थे। इस कार्यक्रम में फ्लोक्सस के फाउंडर ऋतिक सुभम, अशोक प्रियदर्शि तथा अन्य सहयोगी, किरण कंस्ट्रक्शन के डायरेक्टर आर्यन जयसवाल, विशेष सलाहकार प्रतीक मोदी व शुभम जयसवाल एवं आशीष मिश्रा तथा फ्लोक्सस के कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे। वक्ताओं ने इस पर बल दिया कि आने वाले समय में बच्चों के अंदर तकनीकी ज्ञान की आवश्यकता होगी इसका मूल कारण है विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में हो रहे निरंतर परिवर्तन कोविड-19 ने इसकी गति तेज कर दी है और 21वीं सदी के कौशल के विकास के लिए कक्षा 6 से ही कोडिंग जैसे विषयों की पढ़ाई पर जोर दिया जा रहा है। न्यू एजुकेशन पॉलिसी में भी तकनीकी शिक्षा पर बल दिया गया है। कोडकैंप 20 मई से कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड में कक्षा 6 से 12 के बच्चों के लिए फ्लोक्सस के द्वारा आयोजित किया जा रहा। फ्लोक्सस के को-फाउंडर उत्कर्ष मिश्रा ने बताया की झारखंड में ऐसा कार्यक्रम पहली बार हो रहा है।

THE PHOTON NEWS
04 www.thephotonnews.com
Thursday, 11 May 2023

BRIEF NEWS

### जनसेवकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

**RAMGARH :** जनसेवकों का अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रहा। रामगढ़ जिले के विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत जनसोवकों के हड़ताल में चले जाने के कारण सभी कार्य प्रभावित हुए। इस दौरान सभी जनसेवक रामगढ़ प्रखंड कार्यालय के पुराने सभागार प्रांगण मे एकजुट होकर आज भी लगातार दूसरे दिन धरना पर बैठे। संघ के उपाध्यक्ष श्री उमेश कुमार ने सरकार से अपील की है कि हमारे सभी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार किया जाए। गौर तलब है कि विभिन्न कार्यालयों में हड़ताल के कारण काम काज नहीं होने के कारण आम जनता परेशान है। हड़ताल अवधि में धरना में अजीत कुमार गुप्ता, उपेंद्र कुमार, अरविंद कुमार महतो, परमानंद कुमार, जितेंद्र प्रसाद, विकास कुमार, रंजित कुमार रजक, पंकज कुमार, आनंद कुमार, आलोक मित्रा, उमेश कुमार, चित्रा सिंह मुंडा, रविन्द्र कुमार महतो, ज्ञानी प्रताप भारती, छत्रधारी महतो, महादेव महतो, विमल बेदिया, संदीप कुमार आदि सभी जनसेवक शामिल हुए।

### बुद्धिजीवी मंच की पहली बैठक संपन्न

**RAMGARH :** बुद्धिजीवी मंच कार्यकारिणी समिति की पहली बैठक बरकाकाना में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता प्रदीप करमाली ने किया और संचालन प्रोफेसर शाहनवाज खान ने किया। बैठक में कहा गया कि झारखंड सरकार एक तरफ शिक्षा पर विशेष जोर दी है तो दूसरी तरफ प्राथमिक शिक्षा पर सुधार लाने की कोशिश नहीं कर रही है अगर शिक्षा पदाधिकारी प्रतिदिन स्कूल का निरीक्षण करें तो शिक्षा की जो लचर व्यवस्था है उसमें सुधार लाया जा सकता है। रामगढ़ के शिक्षा विभाग और विशेषकर उपायुक्त रामगढ़ से यह उम्मीद रखते हुए कि बरकाकाना क्षेत्र में शिक्षा का विकास कैसे हो इस पर उपायुक्त महोदय हमारी बातों को सुने। कहां गया कि बरकाकाना क्षेत्र में लगभग 25 से 30 गांव और आवासीय कालोनियां हैं पांच निजी व सरकारी उच्च विद्यालय हैं। दसवीं कक्षा तक तो बच्चे शिक्षा ग्रहण कर लेते हैं, लेकिन 11वीं और 12वीं की पढ़ाई करने से ही दूर हो जाते हैं क्योंकि इस क्षेत्र में ना कोई महाविद्यालय है और ना किसी उच्च विद्यालय को अपग्रेड किया गया है। अतः बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बरकाकाना श्री नारायण उच्च विद्यालय एवं सीसीएल उच्च विद्यालय को अपग्रेड करवाने का मांग पत्र मंगलवार को उपायुक्त महोदया को सौंपा जाएगा। का निर्णय लिया लिया गया कि मंच विस्तार के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। तीसरा निर्णय लिया गया कि बरकाकाना क्षेत्र के सभी गांव में शिक्षा के महत्व पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से श्री महादेव ठाकुर, पंचदेव करमाली, नेपाल विश्वकर्मा, सुशील कुमार, मोहम्मद सलीम, सोनी देवी, कवित्री देवी, रविंदर मुंडा, घनश्याम महतो, दिनेश करमाली, ब्रह्मदेव महतो, चिंता देवी आदि उपस्थित थे।

### गिरिडीह में वृद्ध महिला को मृत दिखा कर रोक दी बुढ़ापे की पेंशन

**GIRIDIH :** तिसरी प्रखंड में सिंघो पंचायत के ककनी गांव की 84 वर्षीय बुजुर्ग महिला हसमुन खातून खुद को जिंदा साबित करने के लिए लगातार प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रही है और बंद हुए सामाजिक सुरक्षा पेंशन को चालू करने के लिए फरियाद कर रही है। बताया गया कि पिछले साल से हसमुन खातून को मृत घोषित कर उसे मिलने वाले वृद्धा पेंशन को रद्द कर दिया गया। इसके बाद से निरंतर कागजात लेकर हसमुन खातून प्रखंड कार्यालय के बाबूओं को यह बताती फिर रही हैं कि वह जिंदा हैं। इसके बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। हसमुन खातून बताती है कि उसे वृद्धा पेंशन का लाभ मिल रहा था। लगभग एक वर्ष पूर्व तिसरी ब्लॉक से सत्यापन के लिए गए दो सरकारी कर्मियों ने गांव के किसी व्यक्ति के कहने पर उन्हें मृत घोषित कर मिल रहे वृद्धा पेंशन को रद्द कर दिया।

# DDC ने की मनरेगा, आवास योजना एवं 15वें वित्त आयोग के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा

**PHOTON NEWS RAMGARH**


बैठक में उपस्थित डीडीसी व अन्य अधिकारी। ● द फोटोन न्यूज

बुधवार को समाहरणालय, रामगढ़ के ब्लॉक बी स्थित सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त, रामगढ़ श्री नागेंद्र कुमार सिन्हा ने मनरेगा तथा प्रधानमंत्री आवास योजना व बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना का 15वे वित्त आयोग के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की।

बैठक के दौरान सबसे पूर्व उप विकास आयुक्त ने उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना एवं बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर आवास योजना के तहत की जा रही कार्यों की क्रमवार सभी पदाधिकारियों से कार्य प्रगति की जानकारी ली साथ ही लंबित आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने आवास योजना अंतर्गत कार्य करने वाले मजदूरों को मनरेगा के तहत निर्धारित भूगतान करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान श्री सिन्हा ने उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को 15 वे वित्त आयोग के तहत चयनित योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने अधिक से अधिक मानव दिवस सृजित कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार से जोड़ने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उन्होंने आवास योजना में प्रगति को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं पंचायत सेवक व अन्य को बेहतर कार्य करने को लेकर सराहना भी की विभिन्न प्रखंडों में चल रहे मनरेगा कार्यों में बेहतर प्रगति को लेकर भी सराहना की और दिए गए लक्ष्यों पर योजनाबद्ध रूप से कार्य करने का निर्देश दिया गया ।

बैठक के दौरान प्रभारी मनरेगा पदाधिकारी श्री विजय कुमार ने कहां की अमृत सरोवर के तहत मिले लक्ष्यों को जल्द से जल्द पूरा करें और प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत विद्यालयों में मनरेगा के माध्यम से पोषण वाटिका का निर्माण भी किया जाना है जिसे लेकर सभी चिन्हित स्कूलों में निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करें साथ ही उन्होंने सभी रसोईया को जल्द से जल्द जॉब कार्ड मुहैया कराने का भी बात कहीं।

## डीसी ने सीएम के कार्यक्रम को लेकर किया पतरातू लेक रिजॉर्ट का निरीक्षण

**PHOTON NEWS RAMGARH**


पतरातु लेक रिजॉर्ट का निरीक्षण करती उपायुक्त व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

गुरुवार को माननीय मुख्यमंत्री झारखंड श्री हेमंत सोरेन के रामगढ़ जिले में संभावित कार्यक्रम के मद्देनजर बुधवार को पर्यटन निदेशक झारखंड सरकार श्रीमती अंजलि यादव, उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष पांडे ने पतरातू प्रखंड अंतर्गत पतरातु लेक रिजॉर्ट का निरीक्षण किया।

मौके पर उन्होंने कार्यक्रम के मद्देनजर की जा रही तैयारियों का जायजा लेने के क्रम में कार्यक्रम के सफल आयोजन के संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए वहीं उन्होंने कार्यक्रम के दौरान अतिथियों व लोगों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने, भीड़ भाड़ नियंत्रित करने, ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ रखने, सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था संधारित करने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, रामगढ़, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारियों, प्रखंड स्तरीय अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## असंतुलित हाईवा ने तोड़ी घर की चहारदिवारी, चार लोग घायल

**PHOTON NEWS RAMGARH**


दुर्घटनाग्रस्त कोयला लदा हाईवा। ● द फोटोन न्यूज

भदानीनगर ओपी क्षेत्र के महुआटोला में बीती रात्रि कोयला लदा हाईवा असंतुलित होकर घर की चाहरदिवारी में टक्कर मार दिया। जिसके कारण घर में सो रहे चार लोगो को हल्की-फुल्की चोर्टे आइं। वहीं घर के पास खडा ऑटो भी क्षतिग्रस्त हो गया। बुध.वार को हाईवा हटाने पहुंचे पुलिस का ग्रामीण ने जमकर विरोध किया। जिसके बाद स्थानीय लोगो और हाईवा मालिक के साथ त्रिपक्षीय वार्ता हुई। सकारात्मक आश्वासन के बाद मामला शांत हो सका।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात्रि करीब 12 बजे भदानीनगर से बरकाकाना की ओर कोयला लेकर जा रहा हाईवा नंबर जेएच 02 एएफ 2133 महुआटोला के पास असंतुलित होकर रॉग साईड के मकान के चाहरदिवारी को तोड़ दिया ओर घर में घुस गया। चाहरदिवारी का दिवार आंगन और घर में सो रहे देवंती देवी, अमन करमाली, विराट और रौनक के उपर गिर गया। जिसमें देवंती देवी के पैर और कंधा में चोटे आई। वहीं अन्य लोगो को हल्की चोट लगी है। जबकि आंगन में खडा मन्नु करमाली का ऑटो जेएच 02 एटी 0265 पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हाईवा ने पास के आकाश करमाली, अजय करमाली और नरेश करमाली के घर भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। मामले को लेकर पंचायत प्रतिनिधि, स्थानीय ग्रमीणों और हाईवा मालिक के बीच साकारात्मक वार्ता हुई। जिसमे हाईवा मालिक ने पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की बात कही। जिसके बाद मामला शांत हो गया।

## LATEHAR के जंगल में मिला नर कंकाल, नक्सली हिंसा की आशंका

**PHOTON NEWS LATEHAR**

जिले के गारू थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपखाड़ जंगल में पुलिस ने एक नर कंकाल बरामद किया है। नर कंकाल के पास से जो कपड़े बरामद हुए हैं, उससे मृतक की पहचान गारू थाना क्षेत्र अंतर्गत पंडरा गांव निवासी गंगा उरांव के रूप में की जा रही है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि जब तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आ जाता तब तक इस संबंध में कुछ भी बताना मुश्किल है। फिलहाल कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार गांव के कुछ ग्रामीणों ने जंगल में जमीन के नीचे कुछ कपड़ा दबा हुआ देखा। वहां से बदबू भी आ रही थी। इसकी खबर होने के बाद गंगा उरांव के परिजन वहां पहुंचे और कपड़ा देखकर बताया कि यह गंगा उरांव का ही कपड़ा है। परिजनों ने बताया कि गत 18 मार्च की रात हथियारबंद तीन उग्रवादी उनके घर आए थे और गंगा उरांव को अपने साथ अगवा कर ले गए थे। गंगा उरांव के अपहरण की प्राथमिकी परिजनों ने गारू थाना में दर्ज कराई थी।

गंगा उरांव के परिजनों का कहना है कि उग्रवादियों ने गंगा उरांव की हत्या कर शव को मिट्टी में दबा दिया होगा। फिलहाल, पुलिस के अधिकारियों ने अभी इस संबंध में कुछ भी स्पष्ट रूप से बताने में असमर्थता जताई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मृतक के शरीर का मांस पूरी तरह गल गया है। ऐसे में लातेहार सदर अस्पताल में इसका पोस्टमार्टम नहीं हो सका। इसलिए चिकित्सकों ने इसे पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रेफर किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## लोहरदगा पीडीजे ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की बैठक

**PHOTON NEWS LOHARDAGA**


बैठक करते पीडीजे। ● द फोटोन न्यूज

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत और मेगा विधिक सशक्तिकरण कैंप के आयोजन को लेकर प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई।

बैठक में उपायुक्त सह डालसा उपाध्यक्ष डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण, डीडीसी समीरा एस, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक खलको डालसा सचिव व निबंधक राज कल्याण उपस्थित थे। बैठक में 13 मई को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत और 27 मई को होने वाले मेगा विधिक सशक्तिकरण कैंप के सफल आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में पीडीजे ने कहा कि इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा प्रिलिटिगेशन मामलों का निष्पादन किया जाय। इसके अलावा न्यायालय स्तर पर सिविल प्रकृति के सभी मामले, बिजली, सुलहनीय आपराधिक मामले, पारिवारिक मामले, भरण-पोषण, चेक बाउंस के मामले, मनी रिकवरी से संबंधित मामले पानी, वन अधिनियम के मामले, उत्पाद विभाग से संबंधित मामले, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम के मामलों के साथ अन्य मामलों से संबंधित वादों का निष्पादन किया जाएगा। ऐसे 573 मामलों को चिन्हित किया गया है, जिसका निष्पादन न्यायालय स्तर पर किया जाएगा।

## ट्रक ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर महिला की मौत, पति और बच्चा घायल

**PHOTON NEWS RAMGARH**


ट्रक के नीचे मृत पड़ी महिला। ● द फोटोन न्यूज

रामगढ़ थाना क्षेत्र के वीर कुंवर सिंह चौक पर बुधवार को एक सरिया लदे ट्रक ने स्कूटी पर सवार परिवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में महिला सबीना खातून की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस हादसे में सबीना के पति शहादत हुसैन और उसका डेढ़ साल का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने वीर कुंवर सिंह चौक को जाम कर दिया और जमकर बवाल काटा।

आक्रोशित भीड़ ने पथराव कर ट्रक के शीशे तोड़ डाले और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। समाचार लिखे जाने तक आक्रोशित लोगों का हंगामा जारी है। घटना के बाद रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत कराने की कोशिश कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार भुरकुंडा थाना क्षेत्र के महुआ टोला निवासी शहादत हुसैन अपनी पत्नी सबीना खातून और डेढ़ साल के बच्चे के साथ रामगढ़ के अस्पताल में अपने परिजनों से मिलने जा रहे थे। इसी दौरान रामगढ़-रांची रोड मार्ग पर वीर कुंवर सिंह चौक के पास सरिया लदे ट्रक ने उनकी स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी।

## आग लगने से लाखों की लकड़ी नष्ट

**PHOTON NEWS PALAMU**


लकड़ी की टाल में लगी आग को बुझाते लोग। ● द फोटोन न्यूज

जिले के पुरानी रांची रोड स्थित सील लकड़ी के टाल में बुधवार की सुबह आग लग जाने से लाखों रुपये मूल्य की लकड़ी जलकर नष्ट हो गयी है। हालांकि, सूचना मिलने के बाद फायरब्रिगेड के कर्मियों ने चार से पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

बताया जाता है कि जेएम टिंबर में बुधवार की सुबह आग की लपटों को उठता देखकर आसपास के लोगों ने शोर मचाया। शोर सुनकर टाल के मालिक इंद्रजीत सिंह डिंपल एवं उनके परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे। तत्काल इसकी सूचना फायरब्रिगेड को दी गई। साथ ही टैंकर के पानी से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तेज लपटों के कारण स्थानीय स्तर पर आग बुझाने का तमाम प्रयास विफल साबित हुआ। कुछ देर बाद फायरब्रिगेड के कर्मी मौके पर पहुंच गए और करीब चार से पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जहां पर आग लगी थी, वहां लकड़ी के बोटों का ढेर था। टिंबर मालिक ने तत्परता दिखाई और जलने से बचे कई बोटों को मौके से हटा दिया। इससे बढ़ा आर्थिक नुकसान भी बच गया। टिंबर मालिक इन्द्रजीत डिंपल ने बताया कि साढ़े तीन महीने से टाल सील रहने के कारण किसी तरह की कोई गतिविधि नहीं थी। आसपास के लोगों ने आग लगने की जानकारी दी। उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि सिगरेट पीकर फेंके जाने या फिर अन्य किसी कारण से आग की चिंगारी पड़ने से यह हादसा हुआ।

### नियमित बिजली आपूर्ति को लेकर अधीक्षण अभियंता को सौंपा गया ज्ञापन

## गर्मी से परेशान हैं जिलावासी, बिजली विभाग कर रहा लापरवाही : झासेस

**PHOTON NEWS RAMGARH**


विद्युत विभाग के अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य। ● द फोटोन न्यूज

जिले में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार कर चुका है। गर्मी की वजह से आम जनजीवन काफी प्रभावित हो रहा है। व्यापार से लेकर रसोईघर तक में काम कर रही महिलाएं गर्मी की वजह से परेशान हैं। विषम परिस्थिति में बिजली की आंख मिचौली और घंटों बिजली गुल एक बड़ी समस्या बन गई है। इस मुद्दे को लेकर झारखंड सेवा समिति के लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की। बुधवार को समिति के प्रतिनिधिमंडल ने रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारिणी सदस्यों के नेतृत्व में विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता संतोष सिन्हा को ज्ञापन सौंपा है।

बताया गया है कि गर्मी के भीषण प्रकोप में शहर सहित जिलाभर में अनियमित विद्युत आपूर्ति के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधि मंडल ने अधीक्षण अभियंता को बताया कि अनियमित विद्युत आपूर्ति से बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जिला में संचालित विभिन्न उद्योग एवं व्यवसायों पर भी अनियमित विद्युत आपूर्ति का प्रभाव पड़ रहा है। प्रतिनिधि मंडल ने अधीक्षण अभियंता को बताया की घंटो विद्युत आपूर्ति बाधित रहने के कारण इसका फायदा चोर और उच्चके उठा रहे हैं। प्रतिनिधि मंडल ने अधीक्षण अभियंता से शहर सहित जिलाभर में विद्युत आपूर्ति को शीघ्र नियमित करने की मांग की है। ताकि गर्मी के इस भीषण प्रकोप से लोगों को राहत मिल सके। समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा ने कहा की यदि शीघ्र ही विद्युत आपूर्ति को नियमित नही किया गया तो झारखंड सेवा समिति सहित रामगढ़ वासी इस मुद्दे को लेकर आंदोलन को विवश होंगे।

विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता संतोष सिन्हा ने प्रतिनिधि मंडल को शहर सहित जिलाभर में विद्युत आपूर्ति को शीघ्र नियमित किये जाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन की प्रतिलिपि डीवीसी के प्रबंधक को भी सौंपी गई है। प्रतिनिधि मंडल में झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा, अजीत जायसवाल, अरविंद अग्रवाल, रामगढ़ चेंबर के पूर्व अध्यक्ष सह कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र प्रसाद, चेंबर के कार्यकारिणी सदस्य सह लघु उद्योग भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष विजय मेवाड़, नवनीत कुमार आदि शामिल थे।

## खनन वाले क्षेत्रों में स्कूल, शौचालय सहित अन्य सुविधा मुहैया करायें : डीसी

**PHOTON NEWS KHUNTI**


उपायुक्त शशि रंजन की फाईल फोटो।

उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की बैठक बुधवार को समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं के तहत किये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि समय पर सभी योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करायें, ताकि खनिज प्रभावित उन क्षेत्रों में वहा के परिवेश के अनुसार योजनाओं का चयन किया जाए।

डीसी ने कहा कि योजनाओं का चयन पारदर्शी तरीके से ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से किया जाए। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि पूर्व में कुल 24 योजनाएं ली गई थी, जिसमें 18 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, शेष प्रगति पर हैं। खूंटी जिले के डीएमएफटी के लिए डिस्ट्रिक्ट एक्शन प्लान का अनावरण किया गया, जिसमें मुख्य रूप से वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 से लेकर आने वाले वर्षों में डीएमएफटी मद से किये जाने वाले कार्यों की चर्चा की गई। बैठक के दौरान लखपति किसान योजना के तहत किसानों के आय वृद्धि के लिए जेएसएलपीएस से समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया।

### प्रधानमंत्री 15 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति

अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री 15 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की जिला स्तरीय बैठक भी हुई, जिसमें मौके पर आइटीडीए के परियोजना निदेशक ने एकीकृत बाल विकास सेवाओं की समुचित उपलब्धता, विद्यालय शिक्षा में सुधार, मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में उपायुक्त ने विशेष रूप से आजीविका संवर्धन के लिए सखी मंडल की महिलाओं को लखपति किसान योजना से जोड़ते हुए उनके रोजगार सृजन और आर्थिक विकास के संबंध में चर्चा की गई।

# नीतीश को न कोई दूल्हा और न बराती बनाने को तैयार...

# भरोसे के लायक नहीं हैं JDU सुप्रीमो : सम्राट चौधरी

**PHOTON NEWS BHAGLPUR**

बिहार में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने बुधवार को कहा कि पार्टी बिहार में पहली बार भाजपा की सरकार बनाने के लिए काम कर रही है। इसके लिए संगठन को बूथ से लेकर पन्ना स्तर तक मजबूत बनाया जा रहा है। अब तक भाजपा ने गठबंधन कर लालू और नीतीश को मुख्यमंत्री बनाया, लेकिन हर बार गठबंधन में भाजपा ठगी गई, जोकि अब नहीं होगा।

भागलपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सम्राट चौधरी ने कहा कि भाजपा ने पहली बार लालू प्रसाद को मुख्यमंत्री बनाया। पांच बार नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया। वे भाजपा को छोड़ कर चले गए। अब भाजपा नेतृत्व वाली सरकार बनाना ही पार्टी कार्यकताओं का लक्ष्य है।


गुलदस्ते के साथ सम्राट चौधरी का स्वागत करते लोग। द फोटोन न्यूज

सम्राट चौधरी ने राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसी भी राज्य के विकास के लिए विधि व्यवस्था बेहतर होना जरूरी है। नीतीश कुमार के राज में प्रत्येक दिन 15 से 24 लोगों की हत्या हो रही है। महागठबंधन की सरकार बनने के आठ महीने के भीतर 3.5 लाख लोगों की हत्या हो चुकी है।

**गुंडों को जेल से बाहर निकाल रहे नीतीश :** उन्होंने कहा कि उद्योग मंत्री रहते हुए शाहनवाज हुसैन ने काफी काम किए। 35 हजार करोड़ का निवेश प्रस्ताव आया। अब सभी वापस भाग रहे हैं। पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुंडों को जेल भेजने की बात कहते थे। अब नीतीश सरकार गुंडों को जेल से बाहर निकाल रहे हैं। भाजपा की नेतृत्व वाली सरकार जिन प्रदेशों में है। वहां गुंडे जेल के अंदर रहते हैं या जमीन के अंदर। भाजपा कभी गुंडों से समझौता नहीं करती है।

**नीतीश को न तो कोई दूल्हा और न ही बाराती बनाने को तैयार :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के देश भर में विपक्षी दलों को एकजुट करने की मुहिम पर चुटकी लेते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को न तो कोई दूल्हा बनाने को तैयार है और न ही सहबाला। नीतीश कुमार को कोई बराती भी बनाने को तैयार नहीं है, क्योंकि वे भरोसा करने के लायक नहीं हैं।

उनके बारे में यह पता ही नहीं चलता है कि वे कब कहां चले जाएंगे। वे मेमोरी लॉस सीएम बन गए हैं। आधी बात याद रहती है और आधी बात भूल जाते हैं। पटना से वे कह कर निकलते हैं कि वे विपक्षी दलों को एकजुट करने जा रहे हैं। ओडिशा पहुंचने के बाद कहते हैं कि वे मित्रता निभाने आए हैं। मुख्यमंत्री खुद भूल गए कि वे किस लिए ओडिशा गए।

**विक्रमशिला केंद्रीय विवि के लिए जमीन नहीं :** भागलपुर में विक्रमशिला केंद्रीय विश्वविद्यालय के पांच वर्षों से साढ़े चार सौ करोड़ रुपये आ चुके हैं, लेकिन राज्य सरकार जमीन उपलब्ध नहीं करा रही है। भागलपुर में हवाई अड्डा के लिए राज्य सरकार जमीन उपलब्ध नहीं करा रही है। सरकार अविलंब जमीन उपलब्ध कराए। भाजपा की चिंता है कि भागलपुर में एयरपोर्ट बने। एक बड़े अस्पताल का निर्माण हो। इस दौरान, पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष कुमार, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रोहित पांडेय और प्रीति शेखर मौजूद रहे।

# खेती पर लागत होगी आधी

**PHOTON NEWS PATNA**

खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से कई प्रयास किए जा रहे है। इसी कड़ी में अब खेतों की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए सरकार किसानों की मदद कर रही है। आपको बता दें कि कृषि विभाग की ओर से हरी खाद योजना के अंतर्गत ढेंचा की फसल को बोने के लिए मदद की जा रही है। यह वह फसल है, जिसका उपयोग खेतों के लिए हरी खाद बनाने के लिए किया जाता है। इसके पौधे जब बड़े होते है, तो इसकी कटाई की जाती है। कटाई के बाद इसे फसलों में फैलाया जाता है। यह खेतों को प्राकृतिक नाइट्रोजन प्रदान करता है।

**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथी 12 मई :** सरकार की ओर से ढेंचा की खेती को बढ़ाने के लिए अनुदान राशि पर बीज वितरण योजना कृषि विभाग की ओर से बनाई जा रही है। इसमें ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथी 12 मई है। इसका मतलब यह है कि इसमें आवेदन करने के लिए मात्र दो दिनों का समय ही बचा है। डीबीटी पोर्टल https://dbtagriculture.bihar.gov.in पर इसके लिए आवेदन किया जा सकता है। इसके अलावा बीआरबीएन पोर्टल https://brbn.bihar.gov.in पर भी आवेदन किया जा सकता है।

**किसानों को 20 किलो मिलेगा बीज :** योजना का लाभ उठाने के लिए किसानों का रजिस्ट्रेशन नंबर का होना अनिवार्य है। बता दें कि एक किसान अधिकतम एक हेक्टेयर की खेती के लिए आवेदन कर सकते है। इसके लिए किसानों को 20 किलो बीज मिलेगा। इसके लिए विभाग प्रोत्साहन राशि के लिए 80 से 90 प्रतिशत तक सब्सिडी देती है।

# बागेश्वर बाबा तो डरपोक है, देशद्रोही है...रोज माफी मांगने अपना आदमी भेज रहा : तेज प्रताप

**PHOTON NEWS PATNA**

बागेश्वर बाबा के नाम से मशहूर बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री पर शुरू से ही हमलावर रहे बिहार के मंत्री तेज प्रताप यादव ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है।

तेज प्रताप यादव ने कहा, "बागेश्वर बाबा रोज माफी मांगने के लिए अपना आदमी भेज रहा है, 10 दिन से भेज रहा है। वो तो डरपोका है, देशद्रोही है। देश तोड़ रहा है...हिन्दू-मुसलमान को लड़वा रहा है ऊ..। देश का जो माहौल बना रहे हैं ये बाबा लोग, आप लोग देख रहे हैं कि देश को तोड़ने के लिए ये लोग आए हैं, जोड़ने के लिए नहीं आए हैं"





बता दें कि बागेश्वर धाम के आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री राजधानी पटना से सटे नौबतपुर में इसी 15 मई से हनुमंत चर्चा करेंगे। वे यहां भक्तों के मन की बात बताने के लिए अपना दिव्य दरबार भी लगाएंगे। बाबा का कहना है कि उन्हें राजनीति से कोई मतलब नहीं है। वे सभी के हैं।

तेज प्रताप यादव बागेश्वर बाबा का कार्यक्रम तय होने के बाद से ही उन पर हमलावर है, यहां तक कि तेज प्रताप ने यह भी कह था, अगर वे यहां हिंदू-मुस्लिम करने आए हैं तो मैं खुद उन्हें पटना एयरपोर्ट पर रोकने जाऊंगा।

इधर, भाजपा भी तेज प्रताप समेत कई सत्ताधारी नेताओं के बाबा बागेश्वर पर दिए बयानों पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए खुद को बाबा बागेश्वर के समर्थक के रूप में दिखा रही है। साथ ही भाजपा बाबा बागेश्वर बाबा को लेकर हो रहे विरोध को हिंदू विरोधी अभियान के रूप में प्रोजेक्ट कर बिहार की नीतीश सरकार को घेरने में जुटी हुई है।

# 40 डिग्री के पार पहुंचा पटना का पारा, 27 शहरों के तापमान में वृद्धि

**PHOTON NEWS PATNA**

पटना समेत प्रदेश के शेष भागों में पछुआ हवा का प्रवाह बना रहा। इनके प्रभाव से प्रदेश के चार जिलों के पूर्णिया, शेखपुरा, बेगूसराय व खगड़िया में हीट वेव (लू) की स्थिति बनी रही। पटना समेत प्रदेश के 27 शहरों के अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई।

प्रदेश के अधिकांश जिलों में सूर्य के तल्ख तेवर व पछुआ हवा के कारण प्रदेश के शेष भागों में लू जैसी स्थिति बनी रही। इसके कारण लोग दिन भर परेशान रहे। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार प्रदेश में अगले पांच दिनों तक पछुआ हवा का प्रवाह बना रहेगा। अगले दो दिनों के दौरान सतही हवा का प्रवाह दिन के समय 10-15 किमी प्रतिघंटा व झोंके के साथ 20-30 किमी प्रतिघंटा रहने का पूवार्नुमान है। वहीं अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि की संभावना है।

वहीं, 42.6 डिग्री सेल्सियस के साथ शेखपुरा में प्रदेश का सर्वाधिक अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। पटना के अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री ऊपर रहने के साथ 42.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान पूर्णिया, औरंगाबाद, नवादा, शेखपुरा, खगड़िया, अररिया, बक्सर, भागलपुर और बांका जिले के एक या दो स्थानों पर हीट वेव लू की स्थिति बनी रहेगी।

**इन जिलों में लू चलेगी**



पटना समेत पूर्णिया, औरंगाबाद, सिवान, नवादा, शेखपुरा, खगड़िया, भागलपुर और बांका में लू के आसार है। इन सभी मौसमी प्रभावों के कारण इन जिलों के लिए येलो अर्लट जारी किया गया। प्रदेश के बांका में 41.5 डिग्री, शेखपुरा में 42.6 डिग्री, खगड़िया में 42.2 डिग्री व पूर्णिया में 40.8 डिग्री सेल्सियस के साथ हीट वेव (लू) का प्रभाव बना रहा।

**इन शहरों के तापमान में वृद्धि :** बीते 24 घंटों के दौरान पटना के अधिकतम तापमान में 1.2 डिग्री, औरंगाबाद में 0.8 डिग्री, डेहरी में 3.6 डिग्री, मुजफ्फरपुर में 1.8 डिग्री, मोतिहारी में 0.8 डिग्री, दरभंगा में 0.4 डिग्री, शेखपुरा में 1.1 डिग्री, भागलपुर में 0.3 डिग्री, सबौर में 1.5 डिग्री, अररिया में 0.5 डिग्री, अररिया में 0.5 डिग्री, जमुई में 0.3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई।

**प्रमुख शहरों का तापमान :** पटना 42.0, गया 41.2, भागलपुर 41.4., मुजफ्फरपुर 38.4, डेहरी 40.8, दरभंगा 38.6, सुपौल 38.6, पूर्णिया 40.8, मोतिहारी 40.0 (अधिकतम तापमान डिग्री सेल्सियस में)

## ओबरा में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार मां-बेटे को रौंदा, दोनों की हुई मौत

**AURNGABAD :** ओबरा थाना क्षेत्र के तेजपुरा हजारी बिगहा नहर रोड में एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार मां-बेटे को रौंद दिया। इस घटना में दोनों की मौत हो गयी। मृतकों में जम्होर थाना क्षेत्र के कतेया गांव निवासी विजय साव की 52 वर्षीय पत्नी बेबी देवी और 22 वर्षीय पुत्र विक्रांत कुमार उर्फ वीरू के रूप में हुई है। घटना बुधवार की दोपहर की है।

**कार ने दोनों को रौंद दिया :** मिली जानकारी के अनुसार बेबी देवी के भाई का निधन हो गया था। इस घटना की खबर सुनकर बेबी अपने पुत्र वीरू के साथ बाइक पर सवार होकर दाउदनगर शहर के बम रोड में जा रही थी। जैसे ही तेजपुरा हजारी बिगहा नहर रोड के समीप पहुंची, वैसे ही बारुण की ओर से तेज रफ्तार में जा रही एक एक्सयूवी कार ने दोनों को रौंद दिया।

**बिजली के खंभे से टकरा गयी बाइक :** कार की चपेट में आते ही बाइक सड़क के किनारे बिजली के खंभे से टकरा गयी। इसके बाद मां-बेटे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों के सहयोग से दोनों को इलाज के लिए दाऊदनगर अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया, जहां के डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

# खुद को गोली मारने वाले शिक्षक की मौत

**PHOTON NEWS BAKSAR**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़का नुआंव में खुद को गोली मारकर खुदकुशी करने की कोशिश करने वाले शिक्षक की इलाज के दौरान वाराणसी में मौत हो गई है। पिछले पांच दिन से गोली लगने से जख?मी शिक्षक का वाराणसी में इलाज चल रहा था। सिर में फंसी गोली निकालने के दौरान मंगलवार को ही शिक्षक की मौत हो गई। बुधवार को शव बक?सर लाया गया और पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। हालांकि, अभी तक खुदकुशी के पीछे की वजह का पता नहीं चल पाया है।

मुफस्सिल थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि 3 मई की शाम खुद को गोली मारने वाले शिक्षक वैभव कुमार की वाराणसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। आत्महत्या की नीयत से खुद को गोली मारने के बाद से वाराणसी में उनका इलाज चल रहा था। शुरूआत में सिर्फ एक गोली सिर को छूते हुए निकल गई, यह जानकारी थी, लेकिन वाराणसी पहुंचने के बाद पता चला कि शिक्षक ने खुद को दो गोलियां मारी थीं।

**खुद को मारी थीं दो गोली, एक सिर में फंस गई :** उन्होंने बताया कि एक गोली सिर को छूते हुए निकल गई थी, जबकि दूसरी गोली सिर में ही फंसी थी। पांच दिनों तक चले इलाज के बाद मंगलवार की शाम चिकित्सक शिक्षक के सिर में फंसी गोली निकालने का प्रयास कर रहे थे, तभी उनकी मौत हो गई। चिकित्सकों के लाख प्रयासों के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका।

**पत्नी के बयान पर दो मामले दर्ज :** बता दें कि बड़का नुआंव गांव निवासी इटाढ़ी प्रखंड के कैथना उच्च विद्यालय में शारीरिक शिक्षक वैभव कुमार ने 3 मई की शाम घर में अवैध पिस्तौल से खुद के सिर में गोली मार ली थी। आनन-फानन घायल शिक्षक को सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर किया गया। इधर घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान पुलिस ने मौके से एक पिस्तौल के अलावा कारतूस का पलेट बरामद किया था। इस मामले में पत्नी के बयान पर प्राथमिकी के अलावा आर्म्स एक्ट के तहत भी एक प्राथमिकी दर्ज की थी।

## सुशील मोदी बोले- नीतीश कुमार की ओडिशा यात्रा विफल

# नवीन पटनायक ने विपक्षी एकता को दिया करारा झटका

**PHOTON NEWS PATNA**

राज्यसभा सदस्य सुशील मोदी ने कहा कि ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने नीतीश कुमार से कोई राजनीतिक बात नहीं होने की पुष्टि कर विपक्षी एकता को करारा झटका दिया है। मोदी ने कहा कि नवीन पटनायक भाजपा और कांग्रेस से समान दूरी बनाए रखने की अपनी नीति पर कायम रहे, जबकि ममता बनर्जी और शरद पवार के बाद नीतीश कुमार भी उन्हें भाजपा-विरोधी खेमे में लाने में नाकाम रहे।

**अपनी विफलता पर पर्दा डाल रहे नीतीश : सुशील**

अब अपनी राजनीतिक मंशा की विफलता पर पर्दा डालने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कह रहे हैं कि वे बिहार भवन के लिए जमीन मांगने ओडिशा गए थे।

मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार की इस बात में कोई दम नहीं, क्योंकि किसी राज्य सरकार से जमीन आवंटित कराने जैसे काम के लिए किसी मुख्यमंत्री को वहां जाने की जरूरत नहीं पड़ती।



उन्होंने कहा कि यदि मुख्यमंत्री की बात को सही मान लिया जाए, तो क्या मुंबई में बिहार भवन के लिए जमीन मांगने वे शरद पवार से पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिंदे से भी मिलेंगे? पहले केसीआर और अब नवीन पटनायक ने विपक्षी एकता की मुहिम की हवा निकाल दी।

**ओडिशा की राजनीतिक यात्रा से सीख लें सीएम : विजय सिन्हा**

इधर, भाजपा विधानमंडल दल के नेता विजय सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओडिशा यात्रा में विपक्षी दलों को एक साथ लाने की पहल विफल हो गई है। नीतीश कुमार को नवीन पटनायक से राज्य के प्रति समर्पण का भी सबक लेना चाहिए। ओडिशा के मुख्यमंत्री द्वारा यह कहना कि राजनीतिक मुद्दे पर कोई बात नहीं हुई है अपने आप में महत्वपूर्ण है। कम से कम अब तो नीतीश को इस असफलता से सीख लेनी चाहिए।

नवीन पटनायक कांग्रेस विरोध की राजनीति कर ओडिशा में अपनी पहचान बनाए हुए हैं। उन्होंने कभी भी कांग्रेस की अधीनता स्वीकार नहीं की। नीतीश कुमार के आगामी महाराष्ट्र दौरा का भी यही परिणाम होने वाला है। शिव सेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस इनके छद्म आचरण और सिद्धांतविहीन राजनीति से अवगत है।

## BRIEF NEWS

### सहरसा की बेटी बनीं मिसेज बिहार



**SHARSHA :** बिहार के सहरसा की बेटी डॉक्टर रोहिणी ने मिसेज बिहार का खिताब जीता है। यह पटना विश्वविद्यालय के तहत आने वाले कालेज, बीएन कालेज में एक असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है। इसके बाद इन्होंने मिसेज बिहार का ताज अपने नाम करके पूरे सहरसा जिले का मान बढ़ाया है। डॉक्टर रोहिणी बताती है कि वह आगे मिसेज इंडिया की प्रतियोगिता में भी भाग ले सकती है।

### पुलिस ने बालू लदे 11 ट्रैक्टर को किया जब्त बालू चोरी का धंधा बदस्तूर जारी



**NAVADA :** नवादा जिले में बड़े पैमाने पर रोक के बावजूद प्रतिदिन लाखों रुपए के बालू का अवैध धंधा जारी है। जिस कारण लाखों रुपए प्रतिदिन राजस्व का चूना सरकार को लग रहा है। बालू के अवैध खनन के विरुद्ध वारसलीगंज पुलिस ने बुधवार को जन दबाव के कारण कार्रवाई करते हुए 11 बालू लदे ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया है। पुलिस ने अवैध बालू लदा 11 ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया है। वहीं पुलिस को आते देख ट्रैक्टर चालक और बालू माफिया भाग निकले। इसके पूर्व छापेमारी के लिए वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के दरियापुर बालू घाट पहुंचे पकरीबरावां के एसडीपीओ महेश कुमार चौधरी और बालू माफियाओं के बीच झड़प होने की बात सामने आ रही है। बावजूद पुलिस ने अवैध बालू लदा 3 ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। उसके बाद बुधवार को एसडीपीओ श्री चौधरी तथा वारिसलीगंज थानाध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में टीम गठित कर थाना क्षेत्र के मरलाही नदी के पेट में बसा मसनखामा गांव में छापेमारी कर 8 बालू लदा ट्रैक्टर जब्त कर थाना लाया।

### पटना में हथियार के साथ 8 अपराधी गिरफ्तार

**PATNA :** राजधानी पटना पुलिस ने आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया है। मिली गुप्त सूचना के आधार पर आलमगंज थाना क्षेत्र के अगमकुंआ आरओबी स्थित का कसेरा आयरन के पास पुलिस ने छापेमारी कर आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया। पुलिस को एक देसी कट्टा, चार कारतूस, चार चाकू और तीन चोरी के बाइक बरामद हुआ है। इस मामले में पटना सिटी के एएसपी शरद एसआर ने बताया कि बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं।

### मोतिहारी में 10 कच्चे घर जलकर राख, कई पालतू जानवर भी जले

**PURVI CHAMPRAN :** जिला के नगर थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह भीषण आग लगने से कई घर जलकर राख हो गये।घटना शहर के जिला स्कूल के सामने बलुआ ओवरब्रिज के नीचे हुई है। प्रत्यदर्शियो के अनुसार यहां महादलितों द्धारा बनाये गये झोपड़ी में अचानक आग लगी। जिसमें करीब आधा दर्जन झोपड़ी जल कर राख हो गये।इस दौरान महादलित परिवारों के कई मवेशी भी जल गये। बताया गया कि इस घटना में एक घर जिसमे शादी के लिए रखा हुआ लाखों का सामान भी जल कर राख हो गयो। अगलगी की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया।जबकि आग लगने के कारणो का अब तक खुलासा नही हुआ है। स्थानीय पुलिस समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचकर घटना के कारण और नुकसान के आकलन में जुटे है।

### आदर्श आचार संहिता को लेकर किया गया फ्लैग मार्च

**KHISNGANJ :** आगामी नगर पंचायत चुनाव के मद्देनजर लगे आदर्श आचार संहिता को लेकर प्रशासन अलर्ट है। बुधवार को जिला के ठाकुरगंज प्रखंड के पौआखाली थाना क्षेत्र के नगर पंचायत पौआखाली में ठाकुरगंज अंचल अधिकारी ओम प्रकाश भगत और पौआखाली थानाध्यक्ष रंजन कुमार यादव ने पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया। इस दौरान क्षेत्र में लगे हुए नेताओं के पोस्टर बैनर को भी उतरवाया गया। थानाध्यक्ष रंजन कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि आदर्श आचार संहिता को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया है।

### डीएम और एसपी ने स्ट्रांग रूम एवं मतगणना हॉल का किया निरीक्षण

**SHARSHA :** नगर निगम चुनाव को लेकर जिला प्रशासन सभी आवश्यक तैयारी पूरी करने में लगा है। नगर निगम के 3 प्रत्याशियों के लिए 17 मई तक नामांकन चलेगा। जबकि नगर निगम का चुनाव 9 जून को तथा मतगणना 11 जून को कराए जाएंगे। नगर निगम चुनाव को लेकर बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला अधिकारी वैभव चौधरी एवं आरक्षी अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने स्ट्रांग रूम एवं मतगणना हॉल का गहन निरीक्षण किया।वही कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निष्पक्ष एवं स्वच्छ चुनाव कराए जाने को लेकर जिला प्रशासन कटिबद्ध है। ऐसे में विभिन्न राजनीतिक दलों की मौजूदगी में चुनाव संबंधी प्रक्रिया को पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जा रहा है। निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि नामांकन की समीक्षा 18 से 20 मई तक की जायेगी ।वही अभ्यर्थियों की वापसी की अंतिम तिथि 21 मई से 23 मई तक रखा गया है।जबकि मतदान की तिथि 9 जून सुबह 7:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक किया जाएगा। वही मतगणना 11 जून को संपन्न होगा।

### बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग में एक दर्जन आशियाने जलकर राख

**BATHIYA :** नौतन खुर्द पंचायत के वार्ड 1 हरिजन टोली में बुधवार को बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग में एक ही समुदाय के 12 लोगों का घर जलकर राख हो गया।इसमें 14 मवेशी ,08 बाइक, दर्जनों सायकिल,अनाज, आभूषण, नकद 50 हजार समेत कीमती घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। पछिया हवा के झोको से एक के बाद एक घर जलता गया।अफरा तफरी मच गयी। यह जानकारी जिला पार्षद मो जियाउद्दीन ने दी। उन्होंने बताया कि अगलगी में भैरवपुर हरिजन टोली गांव के ललन राम, भीखम राम,रामु राम, बिरेन्द्र राम, बहादुर राम, बिकाऊ राम, अजय राम उमाशंकर राम, शत्रुघन राम, रमेश राम, राजन राम आदि का घर जलकर नष्ट हो गया।ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया।अगलगी पीड़ितों के चीत्कार से पूरे गावं में चीत्कार मच गया।पीड़ित के पड़ोसी किसी तरह अपना अपना सामान घरों से बाहर निकालने लगे।सूचना पर पहुंचे मझौलिया के राजस्व निरीक्षक राधेश्याम यादव क्षति के आकलन में जुटे है।हालांकि यहां प्रशासन विलम्ब से पहुंचा।

### चरस के साथ नेपाली नागरिक गिरफ्तार

**PURVI CHAMPRAN :** जिले के रक्सौल थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नाकेबंदी कर अहिरवा टोला से चरस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। बुधवार को उक्त जानकारी देते हुए रक्सौल थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि कुछ लोग नेपाल से प्रतिबंधित सामान लेकर भारतीय सीमा में प्रवेश कर रहे है। सूचना के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए अहिरवा टोला में युवक की घेराबंदी कर उसके पास रखे झोला की तलाशी ली गई। जिसमें रखे 1 किलो एक सौ पचास ग्राम चरस बरामद किया गया। जिसके बाद उसे हिरासत मे लिया गया। हिरासत मे लिया गया युवक नेपाल के बारा जिला निवासी अनोज मंडल है। गिरफ्तार युवक के विरुद्ध मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## हिरासत में इमरान

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी ने पाकिस्तान में लोकतंत्र होने के कई भरम तोडे. हैं। उन्हें हिरासत में लेने की घटना अप्रत्याशित नहीं है, क्योंकि इसकी आशंका तो वह लंबे समय से खुद जताते आ रहे थे, मगर गिरफ्तारी के वक्त उनके साथ जिस तरह का सुलूक हुआ, वह भी अदालत-परिसर में, वह लोकतंत्र होने का दावा करने वाले किसी मुल्क के लिए शर्मनाक बात है। तब तो और, जब वह शख्स एक दौर में अपने मुल्क का सबसे बड़ा खेल आइकन रहा हो और जिसने उसके लिए दुनिया भर में प्रतिष्ठा अर्जित की हो। इमरान वहां अदालती प्रक्रिया का सम्मान करने ही गए थे। बहरहाल, पाकिस्तानी रेंजर्स ने उन्हें जिस अल-कादिर ट्रस्ट मामले में हिरासत में लिया है, उसकी वैधानिकता पर इस्लामाबाद हाईकोर्ट को फैसला करना है, पर आरोप है कि एक यूनिवर्सिटी खोलने के लिए गठित इस ट्रस्ट को गलत तरीके से भूमि दी गई और इमरान खान ने इसकी खातिर अपने पद का दुरुपयोग किया। अल-कादिर ट्रस्ट के दो ही ट्रस्टी हैं- खुद इमरान और उनकी बीवी! पूर्व प्रधानमंत्री पर भ्रष्टाचार के और भी कई आरोप हैं और वह 80 से भी अधिक मुकदमों का सामना कर रहे हैं। पिछले तीन चुनावों से वहां जिस तरह आम चुनाव के बाद सत्ता का शांतिपूर्वक हस्तांतरण हुआ, या कुछ महीने पहले सांविधानिक प्रावधानों के तहत इमरान खान सरकार को सत्ता से बेदखल किया गया, या फौजी सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ आम अवाम व सियासी लोग मुखर हुए, उससे पाकिस्तान ही नहीं, उसके बाहर भी एक हल्की सी उम्मीद बनने लगी थी कि देर-सबेर वहां जम्हूरियत अपनी जड़ें तलाश लेगी। मगर वहां के सियासतदानों ने निराश किया। आतंकियों की हिमायत, शीर्ष स्तर पर भ्रष्टाचार और बदले की सियासत ने पाकिस्तान को ऐसी अंधी खोह में धकेल दिया है, जहां से निकलना उसके लिए बेहद कठिन है। इमरान खान ही नहीं, वहां प्रधानमंत्रियों व राष्ट्रपतियों की एक लंबी फेहरिश्त है, जिन्हें अदालतों ने भ्रष्टाचार व बदनीयती के मामलों में सजाएं सुनाई हैं। इमरान खान के राजनीति में आते वक्त लगा था कि वह नई किस्म की सियासत करेंगे और बदहाल पाकिस्तान शायद सही पटरी पर आ जाए। उन्हें तो अवाम की मोहब्बत और फौज की हिमायत, दोनों हासिल थी, मगर उन्होंने पुराने पाकिस्तानी नेताओं की तरह बदले की राजनीति को आगे बढ़ाया और सियासी कौशल की कमी उन्हें एक साथ कई महाज खोलने की ओर लेकर चली गई। वह नवाज शरीफ और आसिफ अली जरदारी से तो उलझे ही, उन्होंने फौजी “डीप स्टेट” से भी अदावत मोल ली। इमरान ने पाकिस्तान के लिए कुछ करने का एक अच्छा मौका गंवा दिया। सत्ता से बेदखल होने के बाद भी कानूनी व राजनीतिक लड़ाई को वह अराजक भीड़ की बदौलत जीतना चाहते हैं। मगर उनकी राह अब आसान नहीं है। नवाज शरीफ का उदाहरण सामने है। इमरान के खिलाफ इतने सारे मुकदमे हैं कि सत्तारूढ़ गठजोड़ उन्हें शायद ही कोई मोहलत दे। लेकिन इन सबका खामियाजा पाकिस्तानी जनता को भुगतना पड़ रहा है।

## फिल्म पर बैन गलत

एक बार फिर किसी एक फिल्म को लेकर देश की राजनीति दो हिस्सों में बंटी नजर आ रही है। मामला “द केरल स्टोरी” का है जिसमें साजिशन धर्मांतरण करवाकर लड़कियों को आतंक के जाल में फंसाने का मुद्दा उठाया गया है। फिल्म में इस विषय को कितने अच्छे या बुरे ढंग से दिखाया गया है, यह एक अलग सवाल है। इसके चित्रण की प्रामाणिकता पर सवाल उठाए जा रहे हैं तो उसकी तारीफ भी की जा रही है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक में चुनाव प्रचार के दौरान इस फिल्म का जिक्र किया और इसमें उठाए गए मुद्दे की गंभीरता की ओर लोगों का ध्यान खींचा। दूसरी तरफ विपक्षी नेताओं का आरोप है कि फिल्म में काल्पनिक बातों को सच्ची घटनाओं पर आधारित बताते हुए पेश किया गया है, जिसका मकसद केरल के समाज को बदनाम करना है। मगर ये आरोप-प्रत्यारोप और शिकवा-शिकायतें अपनी जगह हैं। देश में कानून का शासन है और उसका सम्मान सरकार तथा शासन-प्रशासन से जुड़े लोगों के साथ सभी को करना चाहिए। अफसोस की बात है कि हमारी सरकारें भी अक्सर राजनीतिक हानि-लाभ की चिंता में महत्वपूर्ण संस्थाओं के अधिकार क्षेत्रों और उनकी मान-मयार्दा का ख्याल छोड़ देती हैं। पश्चिम बंगाल सरकार का द केरल स्टोरी को बैन करने का फैसला इसी श्रेणी में आता है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए आदेश जारी कर दिया कि राज्य के किसी भी सिनेमाघर में यह फिल्म प्रदर्शित नहीं की जाएगी। लेकिन यह फिल्म यूं ही सिनेमाघरों तक नहीं पहुंची है। फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने उचित प्रक्रिया के तहत उसका परीक्षण करने के बाद बाकायदा उसे ए सर्टिफिकेट प्रदान किया है। उसके बाद भी फिल्म का प्रदर्शन रुकवाने के तमाम कानूनी प्रयास किए गए जो नाकाम रहे। केरल हाईकोर्ट ने फिल्म का प्रदर्शन रोकने का अनुरोध ठुकरा दिया। सुप्रीम कोर्ट भी इस मामले में हाईकोर्ट को निर्देश देने की अपील खारिज कर चुका है। इस सबके बाद भी अगर कोई राज्य सरकार कहती है कि फिल्म दिखाए जाने से उसके यहां कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा हो सकती है तो सवाल उस राज्य में कानून-व्यवस्था मशीनरी की कुशलता पर उठता है। यह राज्य सरकार का दायित्व है कि वह सेंसर बोर्ड से मंजूर की गई फिल्में देखने का अपने नागरिकों का अधिकार छिनने न दे।

# भारत में नागरिक विमानन के क्षेत्र में हो रही है चंहुमुखी प्रगति

**ANALYSIS**



प्रहलाद सबनानी

**वर्ष 1947 के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था ने पुनः सम्भलना शुरू किया एवं वर्ष 2014 के बाद से तो भारत ने आर्थिक विकास के मामले में तेज रफ्तार पकड़ ली है। भारत में प्राचीन काल में अधिकतर व्यापार समुद्रीय मार्ग के माध्यम से होता रहा है। 1000 वर्ष पूर्व भी भारत का समुद्री मार्ग विकसित अवस्था में था एवं यह दक्षिणी अफ्रीका तथा यूरोप के देशों के साथ जुड़ा हुआ था। साथ ही, लगभग 500 वर्ष पूर्व भारत में जी.टी. रोड का निर्माण हो चुका था। अतः देश में समुद्री एवं सड़क मार्ग का विकास शताब्दियों पूर्व होता रहा है, परंतु हाल ही के समय में भारत ने आधारभूत संरचना का विकास करने की जो रफ्तार पकड़ी है वह पूर्व के वर्षों में दिखाई नहीं देती है। वर्ष 2013-14 तक भारत में लगभग 75,000 किलोमीटर का सड़क मार्ग विकसित हो पाया था, जो आज बढ़कर 150,000 किलोमीटर से अधिक हो गया है। भारत में प्रतिदिन लगभग 25 किलोमीटर से अधिक की सड़कें बनाई जा रही हैं।**

प्राचीन भारत का इतिहास गवाही दे रहा है कि लगभग 500 वर्ष पूर्व भी भारत का सकल घरेलू उत्पाद में वैश्विक स्तर पर लगभग 25 प्रतिशत का योगदान था एवं विदेशी व्यापार में भी भारत विश्व में प्रथम स्थान पर था। परंतु अरब आक्रांताओं एवं ब्रिटेन के शासन काल में भारत की आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती चली गई एवं राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करते समय तक यह रसातल तक पहुंच चुकी थी। वर्ष 1947 के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था ने पुनः सम्भलना शुरू किया एवं वर्ष 2014 के बाद से तो भारत ने आर्थिक विकास के मामले में तेज रफ्तार पकड़ ली है। भारत में प्राचीन काल में अधिकतर व्यापार समुद्रीय मार्ग के माध्यम से होता रहा है। 1000 वर्ष पूर्व भी भारत का समुद्री मार्ग विकसित अवस्था में था एवं यह दक्षिणी अफ्रीका तथा यूरोप के देशों के साथ जुड़ा हुआ था। साथ ही, लगभग 500 वर्ष पूर्व भारत में जी.टी. रोड का निर्माण हो चुका था। अतः देश में समुद्री एवं सड़क मार्ग का विकास शताब्दियों पूर्व होता रहा है, परंतु हाल ही के समय में भारत ने आधारभूत संरचना का विकास करने की जो रफ्तार पकड़ी है वह पूर्व के वर्षों में दिखाई नहीं देती है। वर्ष 2013-14 तक भारत में लगभग 75,000 किलोमीटर का सड़क मार्ग विकसित हो पाया था, जो आज बढ़कर 150,000 किलोमीटर से अधिक हो गया है। भारत में प्रतिदिन लगभग 25 किलोमीटर से अधिक की सड़कें बनाई जा रही हैं। सड़कों की गुणवत्ता पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है, आवश्यकता पड़ने पर कुछ सड़क राजमार्ग पर तो हवाई जहाज को भी उतारा जा सकता है। इसी प्रकार हवाई मार्ग को विकसित करने का कार्य हालांकि राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करने के पूर्व ही प्रारम्भ हो चुका था। एयर इंडिया कम्पनी के विमान, कोलकत्ता, मुंबई, दिल्ली के साथ ही इंदौर एवं ग्वालियर जैसे शहरों की ओर भी उड़ान भरते थे। वर्ष 2014 से पहले के लगभग 50-60 वर्षों में देश में आधारभूत संरचना का विकास करने पर उतना ध्यान नहीं दिया गया, जितना पिछले नौ वर्षों के दौरान दिया गया है। इसी कारण से अब भारतीय नागरिकों की आकांक्षाएं भी बढ़ती जा रही हैं एवं कई छोटे-छोटे नगरों के नागरिक भी हवाई जहाज से यात्रा करने को लालायित हैं। हाल ही के वर्षों में नागरिक विमानन का तो एक तरह से लोकतंत्रीकरण हो गया है क्योंकि पूर्व के खंडकाल में केवल अमीर वर्ग के नागरिक ही हवाई जहाज से यात्रा के बारे में सोच सकते थे, परंतु अब तो मध्यमवर्गीय एवं गरीब वर्ग के नागरिक भी हवाई जहाज से यात्रा करने की स्थिति में आ चुके हैं। वर्ष 2013-14 में छह करोड़ नागरिकों ने हवाई यात्रा की थी जबकि समाप्त वर्ष में 14.40 करोड़ नागरिकों ने हवाई यात्रा की है। वर्तमान में रेलवे के प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी एसी क्लास से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या 18.50 करोड़ यात्री प्रतिवर्ष है। नागरिक विमानन क्षेत्र प्रतिवर्ष 10.3 प्रतिशत की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है जबकि रेलवे की विकास दर 5.6 प्रतिशत प्रतिवर्ष है। इस प्रकार अगले पांच या छह वर्षों में हवाई यात्रा करने वाले नागरिकों की संख्या रेलवे के प्रथम एवं द्वितीय एसी श्रेणी के यात्रियों की संख्या से अधिक हो जाने की पूरी सम्भावना दिखाई देती है।

वर्ष 2013-14 में देश में 400 हवाई जहाज थे जिनके संख्या आज बढ़कर 700 हवाई जहाज तक पहुंच गई है। राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करने के उपरांत वर्ष 2013-14 तक देश में 74 एयरपोर्ट विकसित किए जा सके थे जबकि पिछले नौ वर्षों के दौरान देश में 74 नए एयरपोर्ट विकसित किए जाकर आज 148 एयरपोर्ट देश में कार्यरत हैं। साथ ही, आगे आने वाले पांच वर्षों के दौरान देश में कुल एयरपोर्ट की संख्या को 200 तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आज देश के नागरिक न्यूनतम सरकारी नियंत्रण के साथ उच्च स्तर का प्रशासन चाहते हैं। जिसे कि वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा प्रदान करने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है। विमानन क्षेत्र में कार्य कर रही कम्पनियों को इसी संदर्भ में पूर्ण स्वतंत्रता प्रदान की गई है। चाहे वह ग्राहकों से किराया वसूल करने की प्रक्रिया के सम्बंध में हो अथवा विभिन्न नगरों के बीच विमान की सुविधा उपलब्ध कराने का क्षेत्र हो, सरकार का कोई भी दखल इन कम्पनियों के निर्णयों पर नहीं रहता है। आज निजी क्षेत्र की भारतीय विमान कम्पनियां केंद्र सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही हैं।

यह भी एक तथ्य है कि अभी हाल ही में सम्पन्न किए गए ऑपरेशन गंगा के अंतर्गत यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों को वहां से सफलतापूर्वक निकालकर भारत में लाने में देश के रक्षा विभाग को निजी क्षेत्र की विमानन कम्पनियों ने भी सहयोग किया था। इसी प्रकार एक बार पुनः ऑपरेशन कावेरी के अंतर्गत सूडान में फंसे भारतीय नागरिकों को सफलतापूर्वक भारत में लाया गया है। इसी प्रकार से टाटा समूह की एयर इंडिया कम्पनी द्वारा 250 विमान एयरबस कम्पनी से एवं 220 विमान बोइंग कम्पनी से खरीदे जा रहे हैं। यह पूरे विश्व में ही आज तक का सबसे बड़ा विमान खरीदी सौदा माना जा रहा है। आज भारत में 14.4 करोड़ नागरिक देश के विभिन्न भागों की हवाई यात्रा करते हैं एवं 6 करोड़ नागरिक विश्व के अन्य देशों की हवाई यात्रा करते हैं। इस प्रकार, कुल मिलाकर 20.4 करोड़ नागरिक प्रतिवर्ष हवाई यात्रा कर रहे हैं। अगले पांच वर्षों के दौरान इस संख्या को 40 करोड़ यात्रियों तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जब देश में हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में तेज गति से वृद्धि होने लगे तो नए विमानों की आवश्यकता तो महसूस होनी ही है। नए विमान खरीदने के साथ ही भारत में ही हवाई जहाज के इंजन निर्माण करने के उद्देश्य से विनिर्माण इकाई की स्थापना भी की जा रही है, जो अगले तीन से चार वर्षों के बीच विनिर्माण का कार्य प्रारम्भ कर देगी। एयर बस ने भी टाटा समूह के साथ बड़ोदा में 20,000 करोड़ रुपये की लागत से एक अन्य विनिर्माण इकाई स्थापित करने के सम्बंध में एक करार पत्र पर हॉल ही में हस्ताक्षर किए हैं। केंद्र में मोदी सरकार द्वारा भारत के मध्यम एवं गरीब वर्ग के नागरिकों को हवाई जहाज से यात्रा करने की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रारम्भ की गई उड़ान योजना को बहुत सफलता मिली है। उड़ान योजना के अंतर्गत भारत में 1.17 करोड़ मध्यम एवं गरीब वर्ग के नागरिकों ने 1.20 लाख हवाई फेरों के माध्यम से हवाई यात्रा की है। अब छोटे-छोटे शहरों को भी विमान सुविधाएं प्राप्त बड़े नगरों एवं महानगरों के साथ जोड़ दिया गया है। अब तो देश में कई छोटे शहरों से भी विमान सेवाओं की मांग दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उड़ान यात्रा को सफल बनाने के उद्देश्य से पिछले छह वर्षों के दौरान 473 नए हवाई मार्ग बनाए गए हैं जो पूर्व में शायद व्यवहार्य ही नहीं थे। 73 नए एयरपोर्ट बनाए गए हैं। इनमें से कुछ नए एयरपोर्ट प्रतिवर्ष दो से पांच लाख के बीच हवाई यात्रा करने वाले नागरिकों को सुविधाएं प्रदान करने में सफल हो रहे हैं। उड़ान योजना के अंतर्गत कुल 11 एयरलाइन कम्पनियां अपने विमानों का संचालन कर रही हैं। इनमें तीन नई विमान कम्पनियां भी शामिल हैं। अब आगे योजना है कि हवाई मार्गों की कुल संख्या को 1000 के स्तर तक पहुंचाया जाय। जबकि आज 473 हवाई मार्गों पर सफलतापूर्वक हवाई जहाजों को चलाया जा रहा है एवं इनमें से कुछ मार्ग तो व्यवहार्य भी बन चुके हैं। भारत में हवाई यात्रा करने वाले नागरिकों की संख्या देश की कुल जनसंख्या का मात्र तीन से चार प्रतिशत के बीच ही है। इसे बहुत आगे तक बढ़ाया जा सकता है। पूरे विश्व में स्थानीय बाजार की दृष्टि से भारतीय विमानन क्षेत्र तीसरे स्थान पर है एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार की दृष्टि से सातवें स्थान पर है। दोनों बाजारों को मिलाकर भारतीय विमानन क्षेत्र का स्थान पूरे विश्व में चौथे स्थान पर आ जाता है। आज देश में विभिन्न देशों की ओर उड़ान भरने वाले भारतीय नागरिक खाड़ी के देशों के रास्ते से अपनी लम्बी दूरी की यात्रा सम्पन्न करते हैं, परंतु अब भारत में ही मुंबई एवं दिल्ली में एयरपोर्ट का विस्तार किया जा रहा है ताकि भारत से सीधे ही लंबी दूरी की अंतरराष्ट्रीय यात्रा सम्पन्न की जा सके। भारत शीघ्र ही ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा बाजार बनने जा रहा है।

**(लेखक आर्थिक क्षेत्र के विश्लेषक एवं स्तम्भकार हैं)**

# पाकिस्तान का एक और प्रपंच

मंगलवार को अपनी गिरफ्तारी से पहले पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अपने देश की सरकार पर लगातार हमलावर थे। इसी कड़ी में उन्होंने शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ की बैठक में भाग लेने के लिए भारत जाने की तैयारी कर रहे विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी को आड़े हाथों लिया था। इमरान खान का कहना था कि जब देश भारी वित्तीय संकट में है, तब इस प्रकार के दौरे पर भारी सरकारी खर्चे का कोई तुक नहीं। फिर एससीओ बैठक के दौरान उन्होंने भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर की तीखी आलोचना में कहा कि उन्होंने बिलावल के प्रति उचित शिष्टाचार नहीं दिखाया और अगर यही करना था तो बेहतर होता कि उन्हें आमंत्रित ही न करते। यह वही इमरान थे, जिन्होंने गत वर्ष दिसंबर में तब बिलावल को शिष्टाचार पर कोई नसीहत नहीं दी थी, जब पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने न्यूयार्क में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरुद्ध बयानबाजी में मयार्दा की रेखा लांघ दी थी। यह कहना बिल्कुल गलत है कि भारत ने बिलावल को अपमानित किया। बिलावल एससीओ की बैठक में भाग लेने के लिए गोवा आए थे और उन्हें वही प्रोटोकाल मिला, जो बहुपक्षीय बैठकों में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को मिलता है। उन्होंने मेजबान विदेश मंत्री जयशंकर के साथ बैठक के लिए कहा ही नहीं था। बिलावल ने तो पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि वह द्विपक्षीय बैठक नहीं चाहते, जबकि सामान्य परंपरा में द्विपक्षीय बैठक का चलन है। चीन एवं रूस के विदेश मंत्रियों ने इसी परिपाटी के अनुसार जयशंकर से वार्ता भी की। इस प्रकार देखें तो प्रोटोकाल का पालन खुद बिलावल ने ही नहीं किया। एससीओ विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस में जयशंकर ने उचित ही कहा कि बिलावल पाकिस्तानी आतंक उद्योग के प्रवर्तक और प्रवक्ता हैं। अच्छी बात है कि जयशंकर ने इतने कड़े शब्द प्रयोग किए और कांफ्रेंस में यह भी उल्लेख किया कि जब तक पाकिस्तान भारत के विरुद्ध आतंक की नीति का परित्याग नहीं करता, तब तक उसके साथ संवाद का कोई प्रश्न ही नहीं। भारत का यह रुख समय की कसौटी पर एकदम खरा था, क्योंकि उसी दिन राजौरी में एक आतंकी हमले के दौरान हमारे पांच जवान बलिदान हो गए थे। जयशंकर ने यह भी बखूबी उल्लेख किया कि अगर पाकिस्तान के साथ जम्मू-कश्मीर को लेकर कोई बात होनी है तो वह भारतीय क्षेत्र पर उसके अवैध कब्जे को छोड़ने को लेकर होगी। जहां पाकिस्तान को लेकर अपने बयानों के लिए जयशंकर प्रशंसा के पात्र हैं, वहीं बिलावल ने इस मंच का इस्तेमाल भारत-पाकिस्तान रिश्तों पर अपने देश का रुख दोहराने के लिए किया, जिसमें दो वरिष्ठ भारतीय पत्रकार उनके मददगार बने। बिलावल ने वर्तमान में भारत के सबसे बड़े नेता पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के लिए माफी नहीं मांगी और उसके बावजूद उन्हें यह मंच दे दिया गया। मैंने पहले भी भारतीय मीडिया से गुजारिश की है कि बिलावल को तब तक कोई मंच न दें, जब तक कि वह मोदी पर की गई टिप्पणियों के लिए माफी नहीं मांग लेते। ऐसे में भारतीय विदेश मंत्रालय और खुद विदेश मंत्री के लिए बेहतर रहता कि वह इस इस मामले में भारतीय मीडिया संस्थानों से कुछ बात करते। यह विदेश नीति के मुद्दों पर सरकार और मीडिया के बीच पर्दे के पीछे की संवाद प्रक्रिया होती। आखिर, राष्ट्र हितों की परवाह केवल सरकार का नहीं, बल्कि यह प्रत्येक भारतीय का जिम्मा है। उक्त दोनों पत्रकारों ने मोदी के विरुद्ध बिलावल की टिप्पणियों का संदर्भ दिया। इस पर बिलावल का जवाब था कि राजनीति और कूटनीति में कुछ भी निजी नहीं होता। यह सच है कि नेताओं की नीतियां और कदम “निजी मामलों” की श्रेणी में नहीं आते, लेकिन मोदी के मामले में बिलावल की बदजुबानी को लेकर ऐसा नहीं कहा जा सकता। खासतौर से उनके इस बयान को देखते हुए कि जहां ओसामा बिन लादेन मारा गया, वहीं मोदी तो “जीवित” हैं। दुख की बात यही है कि न तो दोनों वरिष्ठ भारतीय पत्रकारों और न ही जयशंकर ने इस ओर कोई संकेत किया। जबकि ये ऐसे शब्द थे, जिन्हें कोई दुश्मन देश के नेता के लिए भी उपयोग नहीं करता। उल्लेखनीय है कि टीवी साक्षात्कार के दौरान भारतीय पत्रकार ने मुंबई बम धमाकों के मास्टरमाइंड दाऊद इब्राहिम का जिक्र करते हुए पूछा कि क्या वह कराची के उसी क्लिफ्टन इलाके में रहता है, जहां भुट्टो और जरदारी परिवार के पुश्तैनी मकान हैं? बिलावल ने इस आरोप को अनदेखा कर दिया। दुर्भाग्यवश, पत्रकार ने उनके सामने इस सवाल पर जोर नहीं दिया कि वह यह स्वीकार करते हैं या इससे इन्कार? इस प्रकार भारत के लिए अहम मुद्दे पर बिलावल को बच निकलने का मौका मिल गया। उलटे बिलावल ने दोनों ही साक्षात्कारों में कुलभूषण जाधव के मामले में भारत को घेरने का दांव चला। निःसंदेह, सवाल पूछना मीडिया का काम है और राजनयिकों की जिम्मेदारी है कि वे सीधी बात रखें। यह एक सामान्य परिपाटी है, लेकिन जब कोई मेहमान विदेश मंत्री भारत के विरुद्ध दुष्प्रचार के लिए भारतीय मंचों का इस्तेमाल करे तो क्या वरिष्ठ पत्रकारों को उन्हें झूठ परोसकर बच निकलने का मौका देना चाहिए? एक पूर्व राजनयिक होने के नाते मेरा यही मानना है कि देशों को संवाद करना चाहिए, लेकिन यह उस देश के साथ नहीं हो सकता, जो आतंक के इस्तेमाल में विश्वास करता हो। पूर्ववर्ती सरकारों और यहां तक कि मोदी सरकार भी 2016 तक पाकिस्तान से संवाद जारी रखने में भरोसा जताती रही। पुलवामा आतंकी हमले के बाद भारत ने यह तय कर लिया कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को नहीं छोड़ता, तब तक उसके साथ प्रत्यक्ष रूप से कोई वार्ता नहीं होगी। यह कड़ा रुख कायम रखना होगा।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



आबू रोड में पिछली बार जनता-जनार्दन से संवाद नहीं कर पाने का मुझे बहुत दुख हुआ था। लेकिन आज यहां जो जनभावना उमड़ी, उसने ना सिर्फ उस कमी को पूरा किया है, बल्कि मुझमें एक नई ऊर्जा भी भर दी है।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



मुख्यमंत्री जी #KeralaStory की कहानी झारखंड में भी देख लीजिए। रांची में एक निजी कोचिंग में पढ़ने वाली एक छात्रा को वाहिद ने पहले प्रेमजाल में फंसा कर धर्म परिवर्तन कराया और फिर शादी का प्रलोभन देकर अपहरण कर दिल्ली ले गया। छात्रा के पिता को फोन पर लड़की को मारने की धमकी भी देता रहा। आज 40 दिनों के बाद वाहिद को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। यह महज प्रेम प्रसंग और धर्मांतरण का ही मामला नहीं हो सकता, 40 दिनों तक दिल्ली में ऐसे अपराधी को कौन संरक्षण देता रहा? पुलिस की लगातार छापेमारी के बावजूद वो इतने दिनों तक पकड़ा नहीं जा सका। जाहिर है ऐसे लोगों को संरक्षण और पोषण देने वाले संगठित रूप से काम कर रहे हैं। ऐसी कई साजिशें झारखंड की जनजातियां समाज की लड़कियों के साथ हो रही है।
दुमका में लड़कियों की निर्मम हत्याएं इसका उदाहरण है। ऐसी साजिशों को रोकने के लिए राजनीतिक नफे नुकसान को त्याग कर राज्य और समाज हित में ठोस कदम उठाइए @Hemantsorenjmm जी।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# चुनाव में उपहार

प्रचार समाप्त होने के साथ आई यह खबर फिर निराश करती है कि निर्वाचन आयोग ने इस दौरान कुल तीन सौ पचहत्तर करोड़ रुपए की नगदी जब्त की है। दूसरी ओर, प्रवर्तन निदेशालय ने राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद दो सौ अठासी करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की। यह स्थिति तब है जब पिछले कुछ चुनावों से प्रलोभन से मुक्त चुनावों पर काफी जोर दिया जाता और इसे सभी पार्टियों का समर्थन मिलता रहा है। मगर हकीकत यह है कि जिस पार्टी के पास जितनी आर्थिक सामर्थ्य है, वह उसके मुताबिक मतदाताओं को लुभाने के लिए अलग-अलग तरीकों का इस्तेमाल कर रही है। कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आयोग की ओर से वहां चुनावी खर्च की निगरानी के लिए लगातार कोशिशें की गईं, लेकिन खुद आयोग की कार्रवाई में जो तस्वीर उभरी है, उससे पता चलता है कि चुनावी शुचिता की बातों का उन राजनीतिक दलों के लिए कितना महत्त्व होता है, जो इससे संबंधित मांग करती या फिर सवाल उठाती हैं। गौरतलब है कि चुनावी खर्च से लेकर मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए पैसे खर्च करने पर लगाम लगाने के लिए हर स्तर पर कदम उठाने की बात होती रही है। कर्नाटक में इस चुनाव के मद्देनजर कड़ी और व्यापक निगरानी, पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय के बीच हर स्तर पर जांच की व्यवस्था की गई। मगर इस दौरान जिस पैमाने पर नगदी, शराब, मादक पदार्थ, कीमती धातुएं और करोड़ों रुपए की अन्य उपहार की चीजें बरामद की गईं, वह अलग तस्वीर उजागर करती हैं। आंकड़ों के मुताबिक 2018 में राज्य में हुए विधानसभा चुनावों के मुकाबले इस बार की बरामदगी में साढ़े चार गुना की बढ़ोतरी हुई है। सवाल है कि चुनावों में इस प्रवृत्ति पर लंबे समय से रोकथाम की कोशिशों और सख्ती के बावजूद तस्वीर पहले के मुकाबले और बिगड़ती ही क्यों जा रही है। आखिर क्या वजह है कि चुनाव आयोग अपने नियमन को व्यवहार में लागू करने में नाकाम हो रहा है और दूसरी ओर राजनीतिक पार्टियां दिखाने को तो ईमानदारी और नैतिकता का बखान करती हैं, लेकिन चुनावों के दौरान अवांछित तरीके से मतदाताओं को रिझाने के लिए कोई भी हथकंडा अपनाने से उन्हें गुरेज नहीं होता। हाल के वर्षों में सभी दलों ने चुनावों में मुफ्त सेवाएं, सुविधाएं और उपहार मुहैया कराने के वादों और बेलगाम खर्चों को लेकर तीखे सवाल उठाए हैं। इस तरह मतदाताओं को लालच देकर आकर्षित करने और उनका वोट हासिल करने की प्रवृत्ति का समर्थन कोई भी पार्टी नहीं करती। लेकिन अफसोस कि शायद ही कोई राजनीतिक पार्टी चुनाव प्रचार में अपनी ओर से की गई ऐसी बातों को याद रखती है। सवाल है कि कर्नाटक में अगर पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार अवैध लेनदेन के लिए पैसे, मादक पदार्थ और अन्य उपहार की वस्तुओं की बरामदगी में साढ़े चार गुना की बढ़ोतरी हुई है, तो इसकी जवाबदेही किस-किस पर जाती है? यह क्यों बढ़ती ही जा रही है? इस मसले पर सवाल उठाने और खुद को पाक-साफ बताने वाली पार्टियों को क्या अपनी ऐसी गतिविधियों पर कभी शर्मिंदगी होती है? आखिर ऐसा क्यों है कि निर्वाचन आयोग और संबंधित महकमे चुनावों में इस तरह की अवांछित, अनैतिक और गैरकानूनी गतिविधियों पर लगाम नहीं लगा पा रहे? अगर यह स्थिति बनी हुई है तो चुनाव होने के बावजूद लोकतंत्र के लिए वास्तव में कितनी जगह बचेगी?

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



पूरी दुनिया तकनीक पर निर्भर हो गई है। कहने का मतलब यह कि जिसने तकनीक के साथ तालमेल नहीं किया वह पिछड़ जाएगा। बात चाहे देशों की हो या व्यक्तिगत स्तर की। तकनीक के महत्व को समझते हुए आज इस बात की सख्त जरूरत है कि बच्चों को शुरू से ही तकनीकी रूप से दक्ष बनाया जाएग। 21वीं सदी के कौशल विकास में बच्चों को तकनीकी शिक्षा की भूमिका काफी अहम है। आने वाले समय में बच्चों के अंदर तकनीकी ज्ञान की आवश्यकता होगी। इसका मूल कारण है विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में हो रहे निरंतर परिवर्तन। कोविड-19 ने इसकी गति तेज कर दी है और 21वीं सदी के कौशल के विकास के लिए कक्षा छह से ही कोडिंग जैसे विषयों की पढ़ाई पर जोर दिया जा रहा है। नई शिक्षा नीति में भी तकनीकी शिक्षा पर बल दिया गया है ' झारखंड को आईटी के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की जरूरत है। इस जरूरत को महसूस भी किया जाने लगा है। बीआइटी मेसरा जैसे तकनीकी संस्थान इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। तकनीकी रूप से दक्ष होने पर ही बच्चों को तकनीकी स्तर पर बेहतर बनाया जा सकता है। उन्हें भविष्य के लिए तैयार किया जा सकता है। इसके लिए एक विशेष कार्ययोजना तैयार की जानी चाहिए। साथ ही सभी जरूरी संसाधन भी उपलब्ध कराने होंगे। खास तौर पर सरकारी विद्यालयों में पढ़नेवाले बच्चों के मामले में विशेष ध्यान देना होगा ताकि वे बड़े होने पर निजी संस्थानों में पढ़नेवाले छात्रों से खुद को पिछड़ा महसूस नहीं करें।

**एमएम राही, पत्रकार।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com



## स्ट्राइकोवा ने वापसी करते हुए महिला एकल में पहला मुकाबला जीता

**रोम ।** चेक गणराज्य की बारबरा स्ट्राइकोवा ने बच्चे के जन्म के बाद वापसी करते हुए महिला एकल में पहली जीत दर्ज की है। स्ट्राइकोवा ने इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर के महिला एकल मुकाबले में बेल्जियम की मेरिना जानेवस्का को तीन सेट में हराया। स्ट्राइकोवा ने मेरिना के खिलाफ 6-1, 3-6, 6-3 से जीत हासिल की। स्ट्राइकोवा अब अगले दौर में नौवीं वरीयता प्राप्त मारिया सकारी से खेलेंगी। वहीं एक अन्य मुकाबलों में एना ब्लिंकोवा ने मायर शेरिफ को 2-6, 6-2, 6-3 से हराया जबकि नूरिया पेरिजास डियास ने ज्यूल नीमेइर को 4-6, 6-4, 6-2 से पराजित किया। वही अपने बेटे विन्सेंट के जन्म के कारण दो साल से खेल से दूर थीं। इस खिलाड़ी ने दो हफ्ते पहले मैड्रिड ओपन के साथ वापसी की थी। मैड्रिड में स्ट्राइकोवा को एकल वर्ग के पहले दौर में ही हार झेलनी पड़ी थी। यहां उन्होंने अपनी जोड़ीदार सीह सू वेई के साथ मिलकर युगल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था।

# महिला जूनियर एशिया कप के लिए भारतीय हॉकी टीम घोषित

### प्रीति भारतीय टीम की कप्तानी करेंगी



**नई दिल्ली ।**

हॉकी इंडिया ने अगले माह दो जून से जापान के काकामिगाहारा में शुरू होने वाले महिला जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए प्रीति की कप्तानी में 18 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम को कोरिया, मलेशिया, चीनी ताइपे और उज्बेकिस्तान के साथ पूल ए में रखा गया है, जबकि पूल बी में मेजबान जापान, चीन, कजाकिस्तान, हांगकांग और इंडोनेशिया शामिल हैं। जूनियर एशिया कप अहम टूर्नामेंट है क्योंकि इसमें शीर्ष पर रहने वाली तीन टीम इस साल होने वाले एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। इसमें प्रीति भारतीय टीम की कमान रहेंगी जबकि दीपिका को इसके लिए उपकप्तान बनाया गया है। मुख्य कोच यानिक शोपमैन ने कहा,'' जूनियर एशिया कप के लिए 18 खिलाड़ियों का चयन करना आसान नहीं था पर मेरा मानना है कि हमने सर्वश्रेष्ठ टीम का चयन किया। भारत में प्रतिभा की कमी नहीं है और यह इन युवा खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना कौशल दिखाने का शानदार अवसर है।'' भारतीय टीम तीन जून को उज्बेकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी और इसके बाद मलेशिया, कोरिया और चीनी ताइपे के खिलाफ मैच खेलेगी। इसके सेमीफाइनल 10 जून को और फाइनल 11 जून को होंगे।

**जूनियर एशिया कप के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है-**

**गोलकीपरः** माधुरी किंडो, अदिति माहेश्वरी

**डिफेंडरः** महिमा टेटे, प्रीति (कप्तान), नीलम, रोपनी कुमारी, अंजली बरवा

**मिडफील्डरः** रुताजा दादासो पिसल, मंजू चोरसिया, ज्योति छत्री, वैष्णवी विठ्ठल फाल्के, सुजाता कुजूर, मनश्री नरेंद्र शेडगे

**फॉरवडः** मुमताज खान , दीपिका (उपकप्तान), दीपिका सोरेंग, अन्नू, सुनलिता टोप्पो।

### संक्षिप्त समाचार




## बोमन, बेली और कार्तिकी को सीएसके ने सम्मानित किया

**चेन्नई ।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने एक विशेष कार्यक्रम में हाथी की देखभाल करने वाले बोमन और बेली तथा ऑस्कर विजेता फिल्म निर्माता कार्तिकी गोंजाल्वेस को सम्मानित किया है। सीएसके टीम के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने एमए चिदंबरम स्टेडियम में प्रशिक्षण के बाद तीनों को ही सीएसके की जर्सी देकर सम्मानित किया। इसके अलावा इस जोड़े और फिल्म निर्माता को सुपर किंग्स की मालिक रूपा गुरुनाथ, सीईओ केएस विश्वनाथन ने स्मृति चिन्ह भी प्रदान किये। इस दौरान सीएसके ने हाथियों के कल्याण के लिए मुदुमलाई टाइगर कंजर्वेशन फाउंडेशन को एक चेक भी भेंट किया। साथ ही कहा कि हम अपने हाथियों की देखभाल करने वाले बोमन और बेली को कार्तिकी के साथ सम्मानित कर बहुत खुश हैं, जिनकी दिल को छू लेने वाली कहानी दूर-दूर तक पहुंची है। यह हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है कि हमारे अपने लोग वैश्विक स्तर पर पहुंच गए हैं। वही विश्वनाथन ने कहा कि हाथियों का संरक्षण समय की आवश्यकता है ओर इसमें सहयोग देकर कमें खुशी हुई है।

## राहुल की सर्जरी सफल रही



**नई दिल्ली ।** टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज लोकेश राहुल की सर्जरी सफल रही है। राहुल ने कहा है कि वह शीघ्र ही टीम में वापसी करेंगे। आईपीएल में लखनऊ सुपरजाइंट्स के कप्तान राहुल की दायी जांघ पर गेंद लगी थी जिसके कारण वह आईपीएल सहित विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) से भी बाहर हो गये थे। उसके बाद हुई जांच में तय हुआ कि उनकी जांघ ही सर्जरी होगी। राहुल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर सर्जरी की जानकारी देते हुए लिखा,'' मेरा अभी-अभी ऑपरेशन हुआ है जो सफल रहा। चिकित्सकों और मेडिकल स्टाफ का बहुत-बहुत आभार जिन्होंने यह सुनिश्चित किया कि मैं सहज बनार रहूं और सब कुछ सुचारू रूप से चलता रहे।'' वहीं सात से 12 जून तक होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए राहुल की जगह पर युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। राहुल ने हालांकि कहा कि वह जल्द से जल्द भारतीय टीम में वापसी करेंगे। उन्होंने कहा,'' अब मैं चोट से उबरने की प्रक्रिया से गुजर रहा हूं। मैं पूरी तरह फिट होने और मैदान पर वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।'' राहुल का लक्ष्य इस साल के होने वाले एकदिवसीय विश्वकप से पहले फिट होना है।

# 15 अक्टूबर को एकदिवसीय विश्वकप में भिड़ेंगे भारत और पाकिस्तान

**मुम्बई ।**

इस साल के अंत में भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप का पहला मुकाबला गत विजेता इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच 5 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं फाइनल भी 19 नवंबर को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ही होगा। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम अपना पहला मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में खेलेगी। जबकि भारत ओर पाकिस्तान के बीच होने वाला सबसे बहुप्रतिक्षित मुकाबला 15 अक्टूबर को खेला जाएगा। वहीं, एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार भारत के लीग मैच सात स्थानों पर होंगे। इसमें अगर भारतीय टीम फाइनल में पहुंचती है तो अहमदाबाद में भारत-पाकिस्तान मैच के अलावा एक और मैच हो सकता है।

इस रिपोर्ट के अनुसार अब तक तैयार अस्थायी कार्यक्रम के अनुसार पाक टीम के मैच अहमदाबाद, हैदराबाद, चेन्नई और बेंगलुरु में होंगे। अहमदाबाद, चेन्नई, बेंगलुरु और हैदराबाद के अलावा, कोलकाता, दिल्ली, इंदौर, धर्मशाला, गुवाहाटी, राजकोट, रायपुर और मुंबई भी मैचों के लिए स्थान के तौर पर तय किये गये हैं हालांकि इस सूची में मोहाली और नागपुर के नाम नहीं हैं। इसके अलावा मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में सेमीफाइनल खेला जा सकता है।

सभी मैच पिछले विश्वकप की तरह ही राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेले जाएंगे, जहां प्रत्येक टीम दूसरे के खिलाफ कम से कम एक बार खेलेगी। फिर प्रत्येक टीम के नौ मैच खेलने के बाद अंत में शीर्ष चार टीमें रहेंगी जो सेमीफाइनल के लिए क्वॉलिफाई करेंगी। कुल मिलाकर विश्व कप में 10 टीमें रहेंगी और कुल 48 मैच खेले जाएंगे।

आठ टीमों ने इस विश्वकप के लिए प्रवेश लिया है। दक्षिण अफ्रीका की टीम को बारिश के कारण चेम्सफोर्ड में बांग्लादेश और आयरलैंड का सुपर लीग मैच रद्द होने के कारण इसमें प्रवेश मिल गया है।

आयरलैंड को आईसीसी वनडे सुपर लीग के जरिए विश्व कप में प्रवेश करने के लिए सीरीज के तीनों मैच में जीत दर्ज करनी थी पर ऐसा नहीं हो पाया। इस कारण दक्षिण अफ्रीका को जगह मिल गयी। ऐसे में अब आयरलैंड को अब जून और जुलाई में होने वाले अंतिम क्वॉलिफाइंग दौर के मुकाबले जीतने होंगे। वहीं बांग्लादेश ने पहले ही विश्वकप के लिए जगह बना ली थी।

**अहमदाबाद में उद्घाटन मैच और फाइनल मैच।**

- 5 अक्टूबर को इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच शुरुआती मैच।
- भारत अपना पहला मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में खेलेगा।
- 15 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान का मुकाबला।
- वानखेड़े में होगा सेमीफाइनल , फाइनल अहमदाबाद में खेला जाएगा।

# मुंबई इंडियन्स ने आरसीबी को छह विकेट से हराया

**मुंबई ।**

सूर्यकुमार यादव और नेहल वढेरा की शानदार बल्लेबाजी से मुंबई इंडियन्स ने यहां आईपीएल लीग मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को छह विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही मुम्बई की टीम 11 मैच में 10 अंक के साथ ही अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गयी है। इस मैच में सूर्यकुमार और नेहल ने शानदार अर्धशतक लगाये। इस मैच में मुंबई इंडियन्स ने आरसीबी से जीत के लिए मिले 200 रनों के लक्ष्य को 21 गेंद पहले ही चार विकेट के नुकसान पर 200 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस मैच में सूर्यकुमार ने सात चौके और छह छक्के लगाकर 35 गेंद में 83 रन जबकि नेहल ने 34 गेंद में चार चौके, तीन छक्के लगाकर 52 रन बनाये। इन दोनो के बीच 66 गेंद में ही 140 रनों की की साझेदारी हुई। सलामी बल्लेबाज इशान किशन ने 21 गेंद में चार चौके और चार छक्के लगाकर 42 रन बनाये। इस मैच में मिली हार के साथ ही आरसीबी की टीम सातवें स्थान पर फिसल गयी है और उसके प्ले ऑफ में पहुंचने की संभानाएं भी लगभग समाप्त हो गयी हैं। इस मैच में आरसीबी की टीम मुम्बई के सामने टिक नहीं पायी। ग्लेन मैक्सवेल ने 68 रन, और कप्तान फाफ डुप्लेसी ने 65 रन बनाये। इसके अलावा कोई भी अन्य बल्लेबाज मुम्बई के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाया। इन दोनों के अलावा केवल दिनेश कार्तिक ही 30 रन बनाकर 20 रनों का आंकड़ा पार कर पाये। इस प्रकार टीम छह विकेट पर 199 रन ही बना पायी।

मुंबई की ओर से जेसन बेहरेनडोर्फ ने 36 रन देकर तीन विकेट जबकि कैमरन ग्रीन, कुमार कार्तिकेय और क्रिस जोर्डन ने एक-एक विकेट लिया। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए मुम्बई के कप्तान रोहित शर्मा एक बार फिर नाकाम रहे ओर केवल सात रन बही बना पाये। इसके बाद सूर्यकुमार और वढेरा ने पारी को संभाला और अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

# रोनाल्डो के बाद मेसी भी सउदी अरब के क्लब से खेलेंगे

### 4 अरब 70 करोड़ का होगा करार

**बार्सिलोना ।**

अर्जेंटीना के कप्तान और फ्रांस के पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) क्लब से खेलने वाले स्टार खिलाड़ी लियोनल मेसी अब सऊदी अरब के अल-हिलाल क्लब से खेलेंगे। मेसी साल 2021 में स्पेन के बार्सिलोना क्लब को छोड़कर पीएसजी गये थे पर वहां भी उनके मतभेद हो गये। ऐसे में अब वह वह सऊदी अरब के अल-हिलाल क्लब के साथ 522 मिलियन यूरो करीब 4 अरब 70 करोड़ में एक करार करने जा रहे हैं। इससे पहले पुर्तगाल के कप्तान और उनके प्रतिद्वंद्वी क्रिस्टियानो रोनाल्डो भी सऊदी अरब के ही अल नस्र क्लब चले गये थे। ऐसे में अब यहां दोनो के बीच फिर रोमांचक टक्कर देखने को मिलेगी।



मेसी पर उनके क्लब पीएसजी ने सऊदी अरब जाने पर दो सप्ताह की रोक लगायी हुई है। इसका कारण है कि मेसी क्लब को बताये बिना ही सऊदी अरब चले गए थे। इस कारण वह एक अभ्यास सत्र से भी बाहर हो गये थे। मेसी ने बाद में इसके लिए माफी भी मांगी थी, जिसकी एक वीडियो भी वायरल हुई थी। वहीं मेसी अपने पूर्व क्लब बार्सेलोना के साथ बातचीत को लेकर चर्चा में रहे थे और ये माना जा रहा था कि वह बार्सिलोना लौट सकते हैं पर क्लब की कमजोर आर्थिक हालत के कारण ऐसा संभव नहीं हुआ।

## आरसीबी की योजना को विफल करने ही नेहल को जोर से शॉट खेलने कहा : सूर्यकुमार



**मुम्बई ।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में अपनी टीम मुंबई इंडियंस की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने कहा कि आरसीबी ने उन्हें रन बनाने से रोकने के लिए धीमी गेंदबाजी की योजना बनायी थी। सूर्या ने कहा कि वह जानते थे कि रन कहां से बन सकते हैं और इसलिए उन्होंने साथी बल्लेबाजी नेहल वढेरा से धीमी गेंदबाजी पर जोर से शॉट खेलने को कहा सूर्यकुमार ने कहा, यह रुख टीम के नजरिये से बहुत जरूरी है। मैं इस तरह घरेलू मैदान में मैच जीतकर बहुत उत्साहित हूं क्योंकि आरसीबी एक योजना लेकर आयी थी। उन्होंने गति को कम किया और धीमी गेंदबाजी की। मैंने भी कहा कि नेहल चलो इसे जोर से मारो और इसे खाली जगह में मारो और जोर से दौड़ो। आपका अभ्यास वही होनी चाहिए, जो आप मैचों में करना चाहते हैं। मुझे पता था कि मेरे रन कहां से आएंगे। मैं अपना खेल जानता हूं और इससे कुछ अलग नहीं करता। इस मैच में सूर्यकुमार और नेहल की साझेदारी से मुंबई ने आरसीबी को छह विकेट से हराकर अंक तालिका में तीसरा स्थान हासिल करने के साथ ही प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाएं पक्की कीं। वहीं आरसीबी की टीम 11 मैच में 10 अंक के साथ ही सातवें स्थान पर खिसक गई है और ऐसे में उसका प्ले ऑफ में पहुंचना कठिन हो गया है।

# रॉयल्स को हराकर शीर्ष चार में जगह बनाने उतरेगी केकेआर

**कोलकाता ।**

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम गुरुवार को यहां होने वाले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अंक तालिका में शीर्ष चार में जगह बनाने के इरादे से उतरेगी। केकेआर ने पिछले कुछ मुकाबलों में जीत से लय हासिल की है जिससे उसका मनोबल भी बढ़ा हुआ है। इसके साथ ही उसे घरेलू मैदान का भी लाभ मिलेगा। टीम ने इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबलों में अंतिम ओवर में जीत दर्ज कर अपनी जुझारु क्षमता दिखायी है। इससे वह अंक तालिका में आठवें से छठे स्थान पर पहुंच गयी है। उसके अब केकेआर और राजस्थान रॉयल्स सहित चार टीमों के बराबर 10 अंक हैं।रॉयल्स की टीम अभी रन रेट के कारण तालिका में केकेआर से आगे है पर इस मैच में मिली जीत से केकेआर की टीम आगे निकल जाएगी। केकेआर इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार है क्योंकि उसके खिलाड़ी जबरदस्त फार्म में हैं विशेषकर रिंकू सिंह ने लगातार अपने को मैच विजेता साबित किया है। पिछले मैच में भी रिंकू ने अंतिम गेंद पर चौका लगाकर अपनी टीम को जीत दिलायी थी।

वहीं दूसरी ओर पिछले तीन मैचों से मिली हार से राजस्थान के खिलाड़ियों को उबरना होगा।रॉयल्स की टीम अपनी गलत रणनीति के कारण 200 रन से अधिक के स्कोर का बचाव करने में विफल रही और इससे अब उसकी संभावनाएं कम होती जा रही हैं जबकि शुरुआत में वह अंकतालिका में शीर्ष पर थी। केकेआर की टीम के पास वरुण चक्रवर्ती एक अच्छे गेंदबाज हैं। उन्होंने पिछले दोनो मैचों में विरोधी टीम को कम स्कोर पर रोका था। सनराइजर्स के खिलाफ जहां वरुध ने अंतिम ओवर में नौ रन का सफलतापूर्वक बचाव किया, वहीं उनकी गेंदबाजी के कारण ही पंजाब टीम बड़ा स्कोर नहीं बना पायी। ऐसे समय में जबकि अनुभवी गेंदबाज सुनील नारायण भी विफल रहे थे , तब वरुण ने विकेट लेकर केकेआर की संभावनाएं जगायीं थीं। उन्होंने इस सत्र में अभी तक 17 विकेट हासिल किए हैं। ऐसे में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ भी उनके चार ओवर अंतर पैदा करेंगे। केकेआर की टीम प्रबंधन ने ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को पंजाब के खिलाफ मैच में गेंदबाजी नहीं दी थी। तब उनकी जगह गेंदबाजी करने वाले वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा काफी महंगे साबित हुए थे। अब देखना होगा कि केकेआर अगले मैच में शार्दुल को शामिल करती है या नहीं। वहीं दूसरी ओर कप्तान संजू सैमसन की राजस्थान रॉयल्स के लिए ये मैच बेहद अहम है। उसके पास यशस्वी जायसवाल, जोस बटलर जैसे आक्रामक बल्लेबाज है। ऐसे में केकेआर को जीत के लिए इन दोनो पर ही अंकुश लगाना होगा।




वहीं राजस्थान की गेंदबाजी आर अश्विन , युजवेंद्र चहल, एडम जंपा और ट्रेंट बोल्ट पर आधारित रहेगी। कुल मिलाकर देखा जाये तो ये मैच रोमांचक होना तय है।

## पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने गंभीर का आभार जताया, बीमार सास के इलाज में की थी सहायता




**नई दिल्ली ।** पूर्व क्रिकेटर और लखनऊ सुपरजायंट्स के मेंटोर गौतम गंभीर भारतीय टीम के पूर्व लेग स्पिनर राहुल शर्मा की सहायता के लिए सामने आये हैं। गंभीर ने राहुल की बीमार सास के इलाज के लिए सर्वश्रेष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट के साथ ही अस्पताल में भी व्यवस्था करायी। राहुल ने इस मामले में गंभीर का आभार जताते हुए दो तस्वीरें ट्वीट की है। भारतीय टीम की ओर से चार एकदिवसीय और दो टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले राहुल की सास ब्रेन हेमरेज से पीड़ित थीं। ऐसे में राहुल ने इलाज के लिए गंभीर से सहायता मांगी तो उन्होंने इस मामले में तत्काल कार्रवाई की। गंभीर भाजपा सांसद भी हैं। राहुल ने लिखा, पिछला महीना मेरे लिए बहुत मुश्किलों भरा था। मेरी सास को ब्रेन हेमरेज हुआ था। उनकी हालत नाजुक थी। ऐसे समय में गंभीर और उनके सहायक गौरव अरोड़ा ने मेरी सहायता करते हुए कम समय में सर्वश्रेष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट और अस्पताल की व्यवस्था करवाई। सर्जरी सफलतापूर्वक हो गई है। अब वह बिल्कुल ठीक है और उत्कृष्ट देखभाल के लिए गंगाराम अस्पताल और उनके कर्मचारियों को धन्यवाद।गौरतलब है कि गंभीर जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए हमेशा आगे आये हैं। कोरोना काल में भी उन्होंने पीड़ितों के लिए दवा के भी इंतजाम किये थे।



## बीमार होने के बाद भी कार्तिक ने खेली आक्रामक पारी

**मुंबई ।**

मुंबई इंडियंस के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरबसीबी) के खिलाफ मुकाबले के दौरान बीमार हो गये। इसी कारण वह विकेटकीपिंग भी नहीं कर पाये। उनकी जगह अनुज रावत ने विकेटकीपिंग की। कार्तिक ने आरसीबी के खिलाफ 18 गेंदों में 30 रन बनाये। कार्तिक पवेलियन लौटते समय खांसते नजर आए। इसके बाद उन्हें उल्टी भी हुई। वहीं आरसीबी के मुख्य कोच और भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज संजय बांगड़ ने कहा कि कार्तिक की तबीयत ठीक नहीं है। फिर भी वह बल्लेबाजी के लिए उतरे। यहां तक कि वह डगआउट में वापस आने के बाद भी उल्टी कर रहे थे। उन्होंने साथ ही कहा, अपनी पारी के दौरान कार्तिक बीमार महसूस करने लगे। उनके शरीर में पानी की कमी हो गयी थी। हमें उम्मीद है कि वह अगले मैच तक ठीक हो जाएंगे। वहीं बांगर ने कहा कि कार्तिक उनके लिए एक अहम खिलाड़ी हैं और अगर टीम को प्लेऑफ में जाना है तो उन्हें फिनिशर की भूमिका निभानी होगी। ऐसे में उनका समय से ठीक होना हमारे लिए जरुरी है।




# भाभी जी घर पर है के आशिफ शेख का छलका दर्द

टीवी और फिल्मों में अपने अभिनय का जादू चला चुके एक्टर आसिफ शेख इन दिनों भाभी जी घर पर हैं में विभूती जी का किरदार निभाकर पॉपुलैरिटी हासिल कर रहे हैं। उन्होंने अपने करियर में सलमान खान जैसे दिग्गज कलाकारों के साथ काम किया है। एक इंटरव्यू में एक्टर ने अपनी पूरी जर्नी के बारे में बताया है।

**आसिफ शेख ने बताया कि उनका सलमान खान के साथ रिश्ता कैसा है और अब वो किस तरह के प्रोजेक्ट्स करना चाहते हैं**

आसिफ शेख ने एक ही शो में 300 से ज्यादा किरदार निभाकर वर्ल्ड बुक ऑफ रेकॉर्ड में नाम दर्ज करवाया। 21 से 80 साल तक की महिलाओं की 32 से ज्यादा अलग-अलग भूमिकाएं निभाई। पूरी दुनिया उनके नल्लेपन की दीवानी हो गई। कई फैंस तो उन्हें देखकर आंखों में आंसू भर लेते हैं। इतनी लोकप्रियता तो किस्मत से मिलती है पर आसिफ शेख की किस्मत हमेशा बुलंदियों पर नहीं रही। मां की खराब तबीयत की वजह से उन्हें कुछ साल काम तक छोड़ना पड़ा था। ऐसे में लोगों ने असल में उन्हें नल्ला समझ उनके फोन तक उठाने बंद कर दिए थे। खैर, उन्होंने फिर से शुरुआत की और पलटकर नहीं देखा। अब वो ओटीटी में कॉमिडी शो या फिल्म करना चाहते हैं। उन्होंने 'भाबी जी...' की सफलता, टीवी के स्तर से लेकर डेब्यू फिल्म और सलमान से रिश्ते तक पर खास बात की।

**टीवी में कॉन्टेंट की आत्मा मिस हो रही**

दूरदर्शन और आज के वक्त के कॉन्टेंट में फर्क है। उस वक्त कॉन्टेंट पर ज्यादा काम होता था। अब उतना टाइम ही कहां है। आजकल टीवी शो में कॉन्टेंट वाली आत्मा मिस हो रही है। अब तेजी से कॉन्टेंट बनता है। पहले एक-एक एपिसोड पर 5-6 दिन लगाए जाते थे। आजकल एपिसोड एक या आधे दिन में तैयार कर दिया जाता है। अब वो समय भी नहीं मिलता क्योंकि टीवी शो सप्ताह में एक या दो दिन से डेलीसोप में बदल गए। ऐसे में क्वॉलिटी कहीं ना कहीं मार तो खाएगी। इस वजह से परफॉर्मेंस भी मार खाने लगती है। ऐक्टर को परफॉर्मेंस, डायरेक्टर को सोचने और राइटर को लिखने के लिए भी वक्त चाहिए। अब जो चलन है, सब उसी के हिसाब से दौड़ रहे।

**रात को फॉल्स आईलैशेज लगाकर कौन सोता होगा**

बिल्कुल, टीवी को सुधार की जरूरत है। जितना इसे ग्रो करना चाहिए, उतना सास-बहू वाला खराब कॉन्टेंट दिखाया गया। अगर कुछ अलग दिखाने की कोशिश करते तो हमारे दर्शक थोड़ा विकसित होते। वे सास-बहू में अटक गए या नागिन के फेर में फंस गए। ये कितनी पिछड़े जमाने की बातें हैं। इन्हें प्रोग्रेसिव कहां से कहेंगे। आप जो जिंदगी जी रहे हैं, उसको दिखाइए। ये चीजें पहले चलती होंगी। अब ना सास के पास वक्त है और बहू तो जॉब वाली हो गई हैं। छोटी-छोटी बातों पर लड़ने का किसके पास वक्त है। भला, रात को फॉल्स आईलैशेज लगाकर कौन सोता होगा। हमने ऑडियंस को इंटेलिजेंट शो ही नहीं दिखाए। भले वो ना चलें, लेकिन कोशिश तो करनी चाहिए थी। अब हर जगह इंटरनेट है। लोग ग्लोबल कॉन्टेंट देख रहे हैं।

**समझना चाहिए कि अच्छा नहीं बल्कि बुरा वक्त ही सिखाता है**

2011 से 2014 तक मेरा बहुत कठिन वक्त चला। उस दौरान मेरी मां को हार्ट और किडनी की समस्या थी। उनका अस्पताल आना-जाना लगा रहता था। मैंने उनकी देखभाल के लिए काम तक छोड़ दिया था। उन चार साल में बहुत कुछ सीखा। धीरे-धीरे चीजें साफ होती गईं कि जिंदगी की असलियत क्या है। उस वक्त ने अच्छे-बुरे की तमीज़ दी। कौन अपना है, कौन पराया है, ये सिखाया। कौन आपके साथ रहता है और कौन फोन उठाता है, ये पता चल गया। लोग मेरा फोन नहीं उठाते थे। उन्हें लगता था कि काम ना होने की वजह से उनसे पैसे ना मांग लूं। उन चार साल में सारी चीजें पता चल गईं। मेरे दिमाग का बड़ा हिस्सा सिर्फ उनकी चिंता में गुजरता था। मां का जब इंतकाल हुआ तो मेरा दिमाग एकदम से खाली हो गया। मुझे उससे निकलने में बहुत वक्त लगा। वैसे, वक्त सबसे ताकतवर है और वो जो सिखाए, उसे सीख लेना चाहिए। वैसे भी अच्छा नहीं बल्कि बुरा वक्त ही सिखाता है।

**अब तमन्ना ओटीटी के लिए कॉमिडी शो या फिल्म करने की है**

मैंने करीब 100 फिल्में की हैं। इतने सारे रोल किए। अब मेरी ख्वाहिश ओटीटी पर अच्छा शो या फिल्म करने की है। वैसे भी, ओटीटी पर अच्छा कॉमिडी शो कहां देखने को मिलता है। वहां कॉमिडी कॉन्टेंट है ही नहीं। मेरी पिछले 8 साल में जो ग्रोथ हुई है, जो मैं सीखा हूं, मुझे उसे दिखाने के लिए एक मंच चाहिए। अब वो समय आ गया है कि मैंने जो कुछ सीखा है, उसे ज्यादा बड़े स्तर पर पेश करूं। मगर ओटीटी में एक समस्या है। वहां टीवी के कलाकारों को कम तवज्जो दी जाती है। उनके अपने ही अलग लोग हैं। ओटीटी में टीवी ऐक्टर्स को एंट्री करने में थोड़ा वक्त लगेगा। वहां जाने के लिए हमें ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। ओटीटी में काम को वक्त दिया जाता है। महीने-महीने भर की वर्कशॉप्स होती हैं। उनके पास एडवांटेज तो है। हमारे पास क्या है। आधे घंटे पहले सीन आता और कहा जाता, चलिए परफॉर्म करके दिखाइए। एक कलाकार के तौर पर हमारे पास सोचने समझने का मौका ही नहीं होता।

**किमी काटकर पहले मुझसे मिलीं, फिर फिल्म के लिए तैयार हुईं**

मेरी डेब्यू फिल्म रामा ओ रामा थी। 'यारा दिलदारा' मेरी दूसरी बड़ी म्यूजिकल फिल्म थी। इसका गाना बिन तेरे सनम... बहुत हिट हुआ। आज भी इसके रीमिक्स आते हैं और कहीं ना कहीं सुनने को मिल जाता है। उस वक्त सब नया-नया था। हमने इसकी शेरा घाट पर शूटिंग की थी, जो वैली थी। शूटिंग के लिए पहाड़ों पर जाते थे। वहां लाइट वगैरह कुछ नहीं होता था। मैं नया-नया था इसलिए होटल वगैरह नहीं मिला था। हम सबका खाना पहाड़ों से आता था। वो रास्ते बहुत कठिन थे। कभी-कभी तो सामने नाश्ता आते हुए दिखता था और आते-आते पतीला गिरता हुआ दिखाई दे जाता था। फिर तो अंडा भुर्जी एक तरफ, पराठे एक तरफ। वो यादगार वक्त था। मेरी पहली फिल्म रामा ओ रामा में किमी काटकर थीं। पहले इसे गोविंदा के साथ करने का प्लान था लेकिन उनके पास वक्त नहीं था, तब मुझ जैसे नए ऐक्टर को मौका दिया गया।

**सलमान और मेरी दोस्ती 30 साल पुरानी है**

सलमान खान और मेरी दोस्ती 30 साल पुरानी है। मेरी और उनकी पहली फिल्म साथ-साथ ही आ रही थीं। वह मुझे अपने फैमिली फ्रेंड की तरह मानते हैं। पहले जब साथ में काम करते थे तो साथ में खाते, घर जाते, वर्कआउट वगैरह सबकुछ साथ ही होता था। मेरी नज़र में वह बहुत अच्छे इंसान हैं। भले डिफेंस मैकेनिज्म में उन्हें कोई कुछ भी बोले लेकिन मैंने उन्हें करीब से जाना है। अगर कोई जरूरतमंद आता है तो वह कहते नहीं बस चुपके से उसकी मदद कर देते हैं। उनकी आत्मा साफ है। मुझे जब उनके साथ काम करने का मौका मिलता है तो उसे छोड़ता नहीं। भाबी जी... के साथ मैंने उनकी दो फिल्में कीं। पहली भारत और दूसरी किसी का भाई, किसी की जान।

**वो बुज़ुर्ग महिला मेरा हाथ पकड़कर रोने लगीं**

आसिफ शेख बताते हैं कि कोई टीवी शो तब बड़ा होता है, जब लोग उसे प्यार करते हैं। उसे देखने के लिए बेताब रहते हैं। कई दर्शक मेरे पास आकर रोने भी लगे हैं। मुझे किसी का फोन आया कि एक बुजुर्ग हैं, जो बेड पर हैं और मैं उनका फेवरिट ऐक्टर हूं। वो मुझसे मिलना चाहती हैं। मैं उनसे मिलने गया। मानेंगे नहीं, वह मेरा हाथ पकड़कर रोने लगीं। वह बताने लगीं कि उनका पूरा दिन मेरे शो 'भाबी जी...' के इंतजार में गुजरता है। इसी तरह दिल्ली से एक बुजुर्ग आंटी का फोन आया, जिन्होंने बताया, मैं और मेरे पति बीमार हैं और दोनों बेड पर हैं। हमारे बच्चे विदेश में हैं, जिसकी वजह से हम अकेले रहते हैं। हमारी जिंदगी में खुशी का पल तब आता है, जब हम 'भाबी जी...' देखते हैं।



# ओटीटी को लेकर बोली सोनाक्षी सिन्हा

बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा जल्द ही क्राइम-ड्रामा, अमेज़ॅन ऑरिजिनल सीरीज, दहाड़ में नजर आने वाली है. फिल्म को लेकर एक्ट्रेस ने कहा, कि उनकी पहली वेब सीरीज दहाड़ में उनकी भूमिका सचमुच लीक से हटकर है, जिसमें वह एक सीरियल किलर को चुनौती देतीं तेजतर्रार पुलिसकर्मी के किरदार में नजर आएंगी. बता दें कि अमेजन प्राइम पर आने वाली इस वेब सीरीज की निर्माता जोया अख्तर और रीमा कागती हैं. कागती आइलैंड सिटी से चर्चा में आईं. सोनाक्षी सिन्हा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, जब मैं उनसे (जोया से) मिली, तो मैंने उनसे कहा कि एक समय था, जब मैंने हर फिल्म के प्रस्ताव को मना करना शुरू कर दिया था, क्योंकि मेरे लिए इतना रोमांचकारी कुछ भी नहीं था कि मैं 30 से 40 या 90 दिन के लिए उस किरदार में रहूं. इसे ('दहाड़') लेकर मैंने बहुत ज्यादा माथापच्ची नहीं की और तुरंत हां कर दी. सोनाक्षी सिन्हा ने कहा, चरित्र (अंजलि भाटी) बहुत शक्तिशाली है. मेरे लिए, एक अभिनेत्री के रूप में इस तरह की भूमिका निभा पाना, बहुत ही रोमांचकारी है. मुझे बार बार एक ही जैसी भूमिकाओं की पेशकश की जा रही थी. यह सचमुच उससे हटकर है. दबंग, लुटेरा, कलंक, राउडी राठौड़ और सन ऑफ सरदार जैसी फिल्में कर चुकीं सोनाक्षी सिन्हा ने कहा कि उन्होंने ओटीटी की दुनिया से दूरी नहीं बनायी है. उन्होंने कहा कि महामारी के दौरान जब ओटीटी माध्यम धूम मचा रहा था, उससे पहले ही उन्हें ओटीटी सीरीज के लिए अभिनय करने का प्रस्ताव मिला था. सोनाक्षी सिन्हा ने कहा, जोया महामारी से पहले मेरे पास आई थीं. पूरा ओटीटी का दौर बहुत बाद में आया. मैंने उनसे पहले ही इसके लिए हां की थी. एक अभिनेत्री के रूप में, मैं अपनी भूमिका को देखती हूं, मंच को नहीं. ओटीटी (प्रोजेक्ट) या फिल्म के बारे में सोचना सचमुच कोई मायने नहीं रखता.卐 दहाड़ में सिन्हा पुलिसकर्मी के रूप में सार्वजनिक शौचालय में रहस्यमयी परिस्थितियों में मृत पाई गई एक महिला की मौत की गुत्थी सुलझाती हुई दिखेंगी. इस वेब सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा के अलावा विजय वर्मा, गुलशन दिव्या और सोहम शाह भी अभिनय नजर आएंगे. यह सीरीज प्राइम वीडियो पर 12 मई से शुरू होगी.



# ब्रह्मास्त्र 2 से पहले आ सकती है ये जवानी है दीवानी 2

वर्ष 2013 में प्रदर्शित हुई करण जौहर की अयान मुखर्जी निर्देशित फिल्म ये जवानी है दीवानी ने उस वर्ष युवाओं को अपने साथ कदमताल करने पर मजबूर कर दिया था। युवा निर्देशक द्वारा निर्देशित युवा अभिनीत फिल्म युवाओं के लिए ही थी, जिसे युवाओं के साथ बुजुर्गों ने भी सराहा था। सिर्फ 40 करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने उस वर्ष बॉक्स ऑफिस पर 320 करोड़ का कारोबार किया था। अब फिल्म के लीड

का हिंट दिया है। रणबीर ने बताया है कि लेखक निर्देशक अयान मुखर्जी के पास इसके सीक्वल के लिए बेहतरीन स्टोरी है, हालांकि वो इस बीच फिल्म ब्रह्मास्त्र में व्यस्त हो गए थे। रणबीर कपूर ने हाल ही में एक वर्जुअल चैट सेशन के दौरान अपने फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। रणबीर ने बताया है कि उनके पास फिल्म ये जवानी है दीवानी 2 के लिए बढ़िया स्टोरीलाइन भी है, जिसमें बनी (रणबीर कपूर), नैना (दीपिका पादुकोण), अवी (आदित्य) और अदिति (काल्कि) की 10 साल बाद जिंदगी कैसी है, ये दिखाया जाएगा। ये जवानी है दीवानी की एंडिंग नैना और बनी के पैचअप से हुई थी, जहां वो अपनी जॉब छोडक़र भारत में नैना के साथ ही रहने का फैसला करता है। रणबीर ने कहा, मुझे लगता है कि ये जवानी है दीवानी का अच्छा सीक्वल बनेगा। मुझे याद है कि अयान के पास एक अच्छी स्टोरी है, लेकिन फिर वो ब्रह्मास्त्र में व्यस्त हो गया था। लेकिन ऐसा नहीं है कि ये फिल्म कभी आएगी ही नहीं। हो सकता है कि वो ये जवानी है दीवानी के सीक्वल को 2 साल बाद बनाए। मेरे ख्याल से स्टोरी 10 साल आगे की होगी कि नैना, बनी, अवी और अदिति अब क्या कर रहे हैं। मुझे लगता है कि इन किरदारों को एक्सप्लोर करना काफी इंट्रेस्टिंग और अच्छा होगा।

# भारत में हॉरर-थ्रिलर जॉनर के साथ न्याय नहीं हुआ है : गुल पनाग

गुल पनाग का मानना है कि भारत में हॉरर जॉनर को अभी अपनी वास्तविक क्षमता तक पहुंचना बाकी है। एक्ट्रेसक ने शॉर्ट फिल्म में एक मनोचिकित्सक की भूमिका निभाई है, जिसमें एरिका फर्नांडीस और प्रकृति मिश्रा भी हैं। हॉरर शॉर्ट फिल्म मौसमी नाम की एक लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जिस पर भूतों का साया है और उस पर अपने सबसे करीबी दोस्त की हत्या का आरोप है। यह फिल्म वास्तविक घटनाओं पर आधारित बताई जा रही है और इसका निर्देशन तनवीर बुकवाला ने किया है। हॉरर जॉनर पर अपने विचार साझा करते हुए, एक्ट्रेस ने कहा, हॉरर-थ्रिलर जॉनर पर मेरे दो विचार हैं, पहला अभिनेता के रूप में और दूसरा एक दर्शक के रूप में। एक अभिनेता के रूप में मेरा विचार है कि हमने भारत में हॉरर-थ्रिलर जॉनर के साथ न्याय नहीं किया है। हमने एक ही तरह का हॉरर-थ्रिलर जॉनर किया है। जबकि इसका दायरा काफी बड़ा है। उन्होंने कोरियाई और जापानी हॉरर के अंतरराष्टीय स्तर पर जोर डाला, जिसने पूरी दुनिया में मानक स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा, देखिए बाकी दुनिया क्या कर रही है। कोरियाई अपनी हॉरर जॉनर के साथ क्या कर रहे हैं। जापानी आगे हैं। बेशक, हॉलीवुड ने लंबे समय तक अविश्वसनीय हॉरर किया है। इसलिए, मुझे लगता है कि हॉरर में परफॉर्मेंस करने की गुंजाइश, इंक्रेडिबल विजुअल इफेक्ट्स वाली फिल्मों का हिस्सा बनने की गुंजाइश बहुत बड़ी है। उन्होंने आगे कहा, अब, एक दर्शक के रूप में मुझे व्यक्तिगत रूप से डरावनी फिल्में देखने से डर लगता है। अगर आप शानदार फिल्में बनाते हैं, तो दर्शक डर जाएंगे, जो एक डरावनी फिल्म का प्रमुख लक्ष्य है। द हॉन्टिंग फिलहाल अमेजन मिनी टीवी पर उपलब्ध है।



# लाइव कॉन्सर्ट के दौरान अरिजीत सिंह के साथ हुई बदतमीजी

सिंगर अरिजीत सिंह अपनी मधुर आवाज से हमेशा लोगों को अपना दीवाना बना लेते हैं। हाल ही में शानदार आवाज के मालिक अरिजीत के साथ एक इवेंट में बदतमीजी हुई। लाइव कॉन्सर्ट के दौरान एक शख्स ने अचानक सिंगर का हाथ तेजी से खींच दिया, जिससे उन्हें चोट आ गई। इस घटना का वीडियो इंटरनेट पर ताबड़तोड़ वायरल हो रहा है और फैंस इस वीडियो पर अपनी खूब प्रतिक्रिया देते नजर आ रहे हैं। दरअसल, महाराष्ट्र के औरंगाबाद में अरिजीत सिंह एक लाइव कॉन्सर्ट कर रहे थे। इसी दौरान एक शख्स ने उनका हाथ तेजी से खींच दिया, जिससे वो चोटिल हो गए। वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि अरिजीत फैन से कहते हैं, तुम मुझे खींच रहे थे। प्लीज स्टेज पर आ जाओ। सुनो, मैं स्ट्रगल कर रहा हूं, ठीक है? तुम्हें ये समझना होगा। फैन के जवाब के बाद उन्होंने कहा, आप यहां मजे करने के लिए हैं, कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन अगर मैं परफॉर्म नहीं कर पा रहा हूं, तो आप मजे नहीं कर पाएंगे, यह बहुत सिंपल सी बात है। तुम मुझे ऐसे खींच रहे हो, अब मेरे हाथ कांप रहे हैं। क्या मैं चला जाऊं? इस क्लिप को देखने के बाद फैंस अरिजीत को जमकर सपोर्ट कर रहे हैं। बता दें, सोशल मीडिया पर अरिजीत सिंह की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। फैंस उनकी एक झलक पाने को काफी बेताब रहते हैं और जब वह किसी इवेंट में पहुंचते हैं तो सेल्फी लेने के लिए लोगों भी काफी भीड़ उमड़ आती है।

# मर्डर-मिस्ट्री नीयत के साथ विद्या बालन ने की थिएटर में वापसी

अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट और प्राइम वीडियो ने आज अपने पॉपुलर मर्डर मिस्ट्री 'नीयत' की दुनिया भर में नाटकीय रिलीज की तारीख की घोषणा की। विद्या बालन की मुख्य भूमिका वाली दिलचस्प 'हूडुनिट', 7 जुलाई, 2023 को सिनेमाघरों रिलीज होगी। 'नीयत' का निर्देशन अनु मेनन ने किया है, जिन्होंने आखिरी बार विद्या बालन को 2020 की सुपरहिट शकुंतला देवी में निर्देशित किया था, जो उनके जीवन और समय पर आधारित है। महिला को मानव कंप्यूटर के रूप में जाना जाता है। अनु मेनन के हालिया निर्देशन क्रेडिट में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सीरीज किलिंग ईव के कई एपिसोड भी शामिल हैं। 'नीयत' में राम कपूर, राहुल बोस, नीरज काबी, अमृता पुरी, शाहाना गोस्वामी, निकी वालिया, दीपानिता शर्मा, शशांक अरोड़ा, प्राजक्ता कोली, दानेश रज़्वी, इशिका मेहरा और माधव देवल जैसे महत्वपूर्ण कलाकारों की भूमिका है। 'नीयत' को अनु मेनन, प्रिया वेंकटरमण, अद्वैत कला और गिरवानी ध्यानी ने लिखा है और संवाद कौसर मुनीर ने लिखे हैं। विक्रम मल्होत्रा के नेतृत्व वाले अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, जिसने शकुंतला देवी का भी निर्माण किया, और प्राइम वीडियो द्वारा सह-निर्मित, नीयत एक अप्रत्याशित जासूस (विद्या बालन) की एक मनोरंजक सस्पेंस कहानी बताती है, जो एक अरबपति की पार्टी में मर्डर-मिस्ट्री की जांच करती है। प्राइम वीडियो पर प्रीमियर हुई तीन सुपर हिट फिल्मों के साथ डिजिटल पर अपने सफल कार्यकाल के बाद नीयत ने विद्या बालन की सिनेमाघरों में वापसी की है। फैमिली एंटरटेनर शकुंतला देवी (2020) से लेकर समीक्षकों द्वारा सराही गई शेरनी (2021) और अंत में प्रभावशाली ब्लॉकबस्टर जलसा (2022) तक। विद्या प्रतिष्ठित मंचों पर इन फिल्मों के लिए कई सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री पुरस्कार प्राप्तकर्ता रही हैं। 'नीयत' ने 'शकुंतला देवी'-अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट, अनु मेनन, विद्या बालन और प्राइम वीडियो की टीम को भी फिर से जोड़ा। निर्माताओं ने फिल्म का एक टीज़र पोस्टर जारी किया है जो दर्शकों को 'नीयत' की दुनिया की पहली झलक दिखाता है।



